गैरसैंण, सोमवार
7 अक्टूबर 2024
वर्षः 16
अंकः 148 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### केदारनाथ की यात्रा अब महज 27 दिन शेष, भैया दूज को होंगे कपाट बंद

रुद्रप्रयाग। भगवान केदारनाथ धाम की यात्रा इस साल अब महज 27 दिन ही शेष है। 3 नवम्बर को भैया दूज पर केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। अब तक 12,86 लाख से अधइक तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। इन शेष दिनों में करीब एक से डेढ़ लाख तीर्थयात्रियों के केदारनाथ आने की उम्मीद लगाई जा रही है। इस साल 10 मई को भगवान केदारनाथ धाम के कपाट आम भक्तों के दर्शनार्थ खोले गए थे। ऐसे में शुरूआती चरण में केदारनाथ में यात्रियों की काफी भीड़ उमड़ गई किंतु यात्री संख्या को नियंत्रित करने के लिए शासन–प्रशासन को व्यवस्थाएं बनाने पड़ी और फिर केदारनाथ धाम की क्षमता के अनुसार यहां यात्रियों को भेजा गया। करीब 5 महीने की यात्रा में अब तक 1286807 यात्री भगवान केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। जबकि इस सीजन की यात्रा महज 27 दिन ही शेष है। दीपावली के बाद 3 नवम्बर भैया दूज के दिन हिमालय स्थित भगवान केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। भैया दूज पर ही केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने की परम्परा है। हालांकि मानसून की बारिश सितम्बर मध्य तक होने और लिंचौली जैसी आपदा के चलते कुछ दिनों यात्रियों की आवाजाही में दिक्कतें हुई जिससे यात्री संख्या अभी तक 15 लाख के पार नहीं पहुंच सकी। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि भैया दूज तक अभी काफी यात्री दर्शनों को आएंगे। इस बार की यात्रा काफी अच्छी रही है। साल प्रति साल यात्री संख्या बढ़ती ही जा रही है।

### राफ्टिंग को वीकेंड पर उमड़े पर्यटक

ऋषिकेश। ऋषिनगरी में रविवार को राफ्टिंग का लुत्फ उठाने के लिए भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे। इस दौरान गंगा रंग–बिरंगी राफ्टों से अटी नजर आई, तो पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने से ऋषिकेश और मुनिकीरेती से लेकर तपोवन तक यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। कई स्थानों पर जाम लगने से पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को दिक्कतें पेश आई। रविवार को सुबह से ही राफ्टिंग के लिए मुनिकीरेती और तपोवन में पर्यटकों की भीड़ जुटनी शुरू हुई। आसपास के राज्यों से गंगा की लहरों पर राफ्टिंग के रोमांच का लुत्फ उठाने पहुंचे पर्यटक राफ्टिंग कंपनियों के कार्यालय पर जमे दिखे। ब्रह्मपुरी–खारास्रोत के बीच गंगा में राफ्टिंग करते हुए पर्यटकों ने जमकर आनंद लिया। खारास्रोत और तपोवन में पर्यटकों की अत्याधिक भीड़ से यातायात दिनभर बेपटरी दिखा। जबकि, ऋषिकेश में भी पर्यटकों की वजह से ट्रैफिक हांफता हुआ नजर आया। यातायात को पटरी रखने के लिए पुलिसकर्मी चौक–चौराहों पर पसीना बहाते दिखे। जीएनआरएमसी सचिव जसपाल चौहान ने बताया कि रविवार को 4173 पर्यटकों ने राफ्टिंग की। फिलहाल ब्रह्मपुरी से राफ्टिंग की इजाजत दी गई है। जल्द तकनीकी समिति के बार फिर से गंगा का निरीक्षण करेगी। अन्य प्वाइंट से भी राफ्टिंग सुरक्षित मिलने पर उन्हें भी पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर हरिद्वार स्पेशल एक्सप्रेस चली 12 घंटे लेट

रुड़की। रविवार को ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ाई। मुजफ्फरपुर से हरिद्वार आने वाली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन सबसे ज्यादा 12 घंटे लेट हुई। यह ट्रेन सुबह 5 बजे लक्सर से गुजरती है पर लिखे जाने तक यह लक्सर नहीं पहुंची थी। साथ ही सीतामढ़ी से आनंद विहार टर्मिनस दिल्ली, गरीब रथ एक्सप्रेस 8 घंटे, आनंद विहार टर्मिनस दिल्ली से मुजफ्फरपुर क्लोन एक्सप्रेस 7.30 घंटे देरी से चली। अमृतसर से गोरखपुर जनसाधारण एक्सप्रेस 3 घंटे, जयनगर से अमृतसर, शहीद एक्सप्रेस व प्रयागराज से सहारनपुर, नौचंदी एक्सप्रेस, तीन–तीन घंटे, अमृतसर से पूर्णिया कोर्ट, जनसेवा एक्सप्रेस 2 घंटे तथा कोलकाता से अमृतसर, दुर्गियाना एक्सप्रेस व श्रीगंगानगर से ऋषिकेश, इंटरसिटी एक्सप्रेस डेढ़–डेढ़ घंटे लेट हुई। इनके अलावा अमृतसर से सहरसा, गरीब रथ एक्सप्रेस, कोलकाता से जम्मू तवी जम्मू तवी एक्सप्रेस, दरभंगा से अमृतसर, जननायक एक्सप्रेस लखनऊ से देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस तथा लक्ष्मीबाई नगर से योगनगरी ऋषिकेश, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन 30 से 60 मिनट तक लेट होकर स्टेशन पहुंची।

## देहरादून में विजिलेंस की एक और बड़ी कार्रवाई

# आबकारी इंस्पेक्टर 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार



देहरादून। विजिलेंस सेक्टर देहरादून ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी इंस्पेक्टर को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपित शराब ठेकेदार से रिश्वत की मांग कर रहा था। रिश्वत न देने पर शराब की निकासी पास न करने की धमकी दे रहा था। विजिलेंस की यह लगातार दूसरे दिन दूसरी बड़ी कार्रवाई है। एक व्यक्ति ने विजिलेंस के हेल्पलाइन नंबर 1064 पर शिकायत दी थी कि उनकी गैरसैण जिला चमोली में अंग्रेजी शराब की दुकान है। उनकी एक अन्य दुकान बोईताल में है, जिसे उनके पार्टर चलाते हैं। शराब की दुकान का वह नियमित रूप से राजस्व दे रहे हैं। इसके बावजूद भी निकासी पास न होने का डर दिखाने के एवज में कर्णप्रयाग क्षेत्र के आबकारी इंस्पेक्टर जयबीर सिंह उनसे 30 रिश्वत की मांग कर रहा है।

**रंगेहाथ गिरफ्तार**

शिकायत के आधार पर निदेशक विजिलेंस डा. वी मुरुगेशन ने तत्काल ट्रेप टीम का गठन करने के आदेश जारी किए। रविवार को विजिलेंस ने आरोपित आबकारी इंस्पेक्टर को उसके किराए के आवास शक्तिनगर कर्णप्रयाग जिला चमोली से 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम उनके आवास की तलाशी व अन्य स्थानों पर चल अचल संपत्ति के संबंध में पूछताछ की जा रही है। निदेशक ने ट्रैप टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई राज्य के सरकारी विभागों में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्वत की मांग करता है तो तत्काल इसकी सूचना विजिलेंस के टोल फ्री नंबर 1064 व वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9456592300 पर संपर्क कर सकते हैं।

## 'भारत एक हिंदू राष्ट्र... हमें एकजुट होना होगा– मोहन भागवत

बारां नगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज को खास संदेश दिया है। भागवत ने कहा कि अगर सुरक्षित रहना है तो भाषा, जाति और प्रांत के मतभेदों और विवादों को खत्म करके एकजुट होने होगा।

**लक्ष्य—उन्मुख होना होगा**


बारां नगर में कृषि उपज मंडी में आरएसएस के स्वयंसेवकों की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य–उन्मुख होने का गुण होना आवश्यक है। इसी के साथ हमें एकजुट होना होगा, तभी हम सुरक्षित रह सकते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए हिंदू समाज को भाषा, जाति और प्रांत के मतभेदों और विवादों को समाप्त करके एकजुट होना होगा। समाज ऐसा होना चाहिए जिसमें संगठन, सद्भावना और आत्मीयता का प्रचलन हो। समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्योन्मुख होने का गुण आवश्यक है। समाज केवल मेरे और मेरे परिवार से नहीं बनता, बल्कि हमें समाज की सर्वांगीण चिंता करके अपने जीवन में ईश्वर को प्राप्त करना है।

## तिरुपति प्रसाद विवाद के बीच उत्तराखंड में एक्शन

# घी सप्लाई करने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी, सैंपल लिए

रुड़की। भगवानपुर के चौल्ली शाहाबुद्दीनपुर में स्थित भोले बाबा आर्गेनिक डेयरी मिल्क प्राइवेट लिमिटेड से तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को लड्डू प्रसादम बनाने के लिए घी की सप्लाई होने की बात सामने आने के बाद रविवार को उत्तराखंड का खाद्य सुरक्षा विभाग भी हरकत में आया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने फैक्ट्री में छापा मारा। पता चला कि फैक्ट्री में एक महीने से उत्पादन नहीं हो रहा है। इस दौरान वहां करीब ढाई हजार खाली टिन रखे मिले। घी, दूध के कुछ रेपर और गत्ते के बाक्स मिलने पर उन्हें सील किया गया। मौके पर फैक्ट्री प्रबंधन का कोई जिम्मेदार अधिकारी, लाइसेंसधारक और लेब टेक्नीशियन नहीं मिला। मैनेजर ने फैक्ट्री में आने से असमर्थता जाहिर कर दी।



विभाग ने अब फैक्ट्री प्रबंधन से यह जानकारी मांगी है कि पिछले दो साल में कहां–कहां किस उत्पाद की आपूर्ति की गई है।

**एक महीने से उत्पादन बंद**

रविवार को उत्तराखंड के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आर राजेश कुमार और अपर आयुक्त ताजवर सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम छापा मारने पहुंची। मौके पर चौकीदार सहित पांच लोग मिले। पूछताछ करने पर बताया गया कि एक महीने से यहां उत्पादन बंद है। टीम ने जिम्मेदार अधिकारियों से दूरभाष पर बात की लेकिन उनके फोन ही बंद मिले। मैनेजर से संपर्क हुआ तो उसने आने से असमर्थता जाहिर कर दी। हालांकि उसने यह बताया कि उनका घी राजस्थान, गुजरात और दिल्ली आदि को भेजा जाता है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस दिया गया है। साथ ही फैक्ट्री में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल के स्रोत के संबंध में जानकारी मांगी गई है। फोन पर एक प्रबंधक से वार्ता हुई है। उससे कहा गया है कि पिछले दो साल में इस फैक्ट्री से क्या–क्या उत्पाद हुआ और उसे किस जगह भेजा गया है, इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं।

**राज्य सरकार की एजेंसी को केंद्रीय लाइसेंसधारकों की जांच का अधिकार नहीं**

टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुड़की योगेंद्र पांडे, दलीप जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कपिल देव आदि भी शामिल रहे। एफएसएसएआइ की ओर से जारी किया गया है लाइसेंस भोले बाबा आर्गेनिक डेयरी मिल्क प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस भारतीय खाद्य संरक्षा मानिक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) की ओर से जारी किया गया। यही कारण है कि स्थानीय खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने कभी इसका निरीक्षण नहीं किया।

# केदारघाटी के उत्पादों को केदार ब्रांड बनाकर सुधारेंगे मातृशक्ति की आजीविकाः सीएम

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग में लखपति दीदी अभियान– शक्ति को सम्मान में किया प्रतिभाग
- 95 करोड़ 75 लाख 16 हजार की लागत से 141 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास
- 30 करोड़ 85 लाख 68 हजार रुपए से 49 योजनाओं का लोकार्पण, 164 करोड़ 89 लाख 48 हजार की 92 योजनाओं का शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने जनपद को दी 25 घोषणाओं की सौगात त्रियुगीनारायण–तोषी गरूडचट्टी मार्ग स्वीकृति, सुमाड़ी को नगर पंचायत बनाया जायेगा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में लखपति दीदी अभियान– शक्ति को सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केदारघाटी के स्थानीय उत्पादों को देश– विदेश में केदार ब्रांड बनाकर तैयार कर विपणन किया जाएगा। मातृशक्ति की आजीविका सुधार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा वहीं घाटी के होम स्टे से लेकर अन्य सुविधाओं को भी इसके अंतर्गत पहचान दी जाएगी। केदारघाटी की धार्मिक पहचान के साथ राज्य सरकार घाटी को नई पहचान दिलाने के लिए इसके अंतर्गत कार्य करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ विधानसभा की दिवंगत विधायक शैला रानी रावत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके निधन पर मैंने इस विधानसभा की जिम्मेदारी बतौर उनका प्रतिनिधि लेने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में लगातार क्षेत्र के विकास के लिए शासन– प्रशासन सहित वरिष्ठ मंत्री इसमें लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते भारी नुकसान हुआ, सड़कें और पैदल मार्ग बंद हो गए थे। यात्रा मार्ग पर फंसे विभिन्न स्थानों से करीब 15 हजार लोगों को रिकॉर्ड समय में मैनुअल एवं हैली से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा 15 दिनों में पैदल मार्ग को सुचारू कर एक महीने के भीतर ही यात्रा को पूर्व जैसे भव्य स्वरूप में वापस



लाया गया। उन्होंने स्थानीय जनता एवं केदार घाटी के लोगों को इस पूरे रेस्क्यू अभियान से लेकर यात्रा को दोबारा समय पर शुरू करवाने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को नई पहचान दिलाने के लिए मातृशक्ति बड़ी अहम भूमिका निभा रही है। पूरे प्रदेश के अंदर सैकड़ों की संख्या में महिला स्वयं सहायता समूहों में जुड़ी हजारों महिलाएं वर्ड क्लास उत्पाद तैयार कर अपने समूह और राज्य को नई पहचान दिला रही हैं। लगातार उनकी आजीविका में सुधार हो रहा है। वहीं प्रदेश सरकार ने हाउस ऑफ हिमालयाज कम्पनी का गठन कर प्रदेश के उत्पादों की नई सिरे से ब्रांडिंग कर मातृशक्ति को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इन्हीं महिला समूहों द्वारा 110 आउटलेट चारधाम यात्रा मार्गों पर खोले गए हैं जिनसे उनकी आजीविका सुदृढ़ हो रही है। रुद्रप्रयाग जनपद में 4000 से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनने में सफल रही हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में जल्द सख्त भू– कानून लागू होने जा रहा है। जिन लोगों ने अवैध रूप से जमीनों की खरीद फरोख्त की है उनसे जमीन वापस लेकर सरकारी भूमि में निहित की जाएगी। वहीं देश में सर्वप्रथम समान नागरिकता संहिता लागू करने वाला पहला प्रदेश भी उत्तराखण्ड बनने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केदारनाथ धाम एक था, एक है और एक ही रहेगा, देश में किसी भी स्थान पर उत्तराखंड के चार धामों के प्रयोग कर कोई मंदिर नही बनने दिया जाएगा।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, कृषि मंत्री सुबोध उनियाल, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, विधायक शक्ति लाल शाह, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा आशा नौटियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठरी, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, आईजी करन नगन्याल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में मातृशक्ति एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं

1. त्रियुगीनारायण—तोषी गरुड़चट्टी मार्ग स्वीकृति
2. विजयनगर झूला पुल से रामलीला मैदान के पीछे एप्रोच रोड एवं पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।
3. स्व० शहीद फते सिंह रा०उ०मा०वि० बाडव का उच्चीकरण कर इण्टरमीडिएट किया जाएगा।
4. श्री वासुदेव मंदिर पुजारगांव के सौन्दर्गीकरण हेतु रुपए 01 करोड़ की स्वीकृति।
5. ग्राम मैठाणा के पणसिल्ला नामी तोक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति।
6. राजकीय इंटर कॉलेज नागजगई, रांसी, पौठी, बावई, कमसाल, ग्वेफड़, खाखंरा, बीना में कला वर्ग के पदों की स्वीकृति दी जाएगी।
7. ग्राम सभा नाला में त्रिपुरा सुंदरी खेल मैदान, ग्राम सभा बडेथ (ताल जामण) के बुगला तोक, शिवानंदी, रणधार बांगर एवं कोठगी में मिनी स्टेडियम के निर्माण की स्वीकृति।
8. पर्यटक स्थल बधाणीताल का सौंदर्यीकरण किया जायेगा।
9. सुमाड़ी को नगर पंचायत बनाया जायेगा।
10. थाती बड़मा में वैटनरी मेडिकल की स्वीकृति (पूर्व में प्रस्तावित स्वीकृति सैनिक स्कूल की भूमि पर)
11. चिरबटिया आईटीआई का भवन निर्माण किया जायेगा।
12. रुद्रप्रयाग में सर्किट हाउस का निर्माण किया जायेगा।
13. गंगाधर मैठाणी राजकीय महाविद्यालय विद्यापीठ में बीएससी, एमएससी एवं एमए के साथ स्नातकोत्तर की स्वीकृति दी जाती है।
14. नाला से जाखधार– बणसू– त्यूडी तक मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जायेगा।
15. चोपता में पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन के अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु वन पत्रावली का निस्तारण किया जायेगा।
16. ऊखीमठ– पिंगला पानी पेयजल योजना की वितीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।
17. गुप्तकाशी– मस्ता– कालीमठ मोटर मार्ग की स्वीकृति दी जाती है
18. सिल्ला– बामण गाँव में साणेश्वर मन्दिर, सिद्धपीठ आशुतोष महादेव, तुगेश्रवर महादेव मन्दिर, फलासी एवं महड़ महादेव मंदिर महड़ गांव के सौंदर्गीकरण के लिए 25—25 लाख रुपए की स्वीकृति दी जाती है।
19. बसुकेदार में तहसील भवन के निर्माण की स्वीकृति दी जाती है।
20. पूर्व घोषणा के अंतर्गत शहीद राम सिंह राणा रा०उ०मा०वि० कालीमठ के उच्चीकरण की सैद्धान्तिक स्वीकृति ।

# मालदीव के रिश्ते मजबूत करने भारत पहुंचे मुइज्जू, पांच महीने में दूसरा दौरा

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव की प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद रविवार को अपनी पहली द्विपक्षीय भारत यात्रा के लिए नई दिल्ली पहुंचे। इस दौरान विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मुइज्जू से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने की मालदीव के राष्ट्रपति की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। जयशंकर ने मुइज्जू से मुलाकात के दौरान भारत और मालदीव के रिश्तों को और सशक्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने वाली वार्ता भी दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी।

**राष्ट्रपति मुर्मु और पीएम मोदी से भी करेंगे मुलाकात**



मुइज्जू के साथ एक्स पर अपनी फोटो को साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के सरकारी दौरे पर राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का आह्वान करके वह बहुत प्रसन्न हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक निमंत्रण पर मुइज्जू 6–10 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर आए हैं।

## जर्जर भवन में चल रहा राइंका उड़ामांडा स्कूल

चमोली। विकासखंड पोखरी के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज उडामांडा का भवन 50 साल पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। जिससे यहां पठन पाठन का काम काफी प्रभावित रहता है। जनता की मांग पर 1975 उडामांडा में जूनियर हाईस्कूल बनाया गया। उस वक्त जनता ने श्रमदान कर विद्यालय भवन बनाया। उसके बाद यह हाईस्कूल और फिर 2005 में राजकीय इंटर कॉलेज बनाया गया। लेकिन इसके लिए अलग से कोई भवन नहीं बना। पुराना भवन जर्जर हो चुका है, जिससे यहां पठन पाठन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में यहां पर करीब 200 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। लेकिन भवन नहीं होने से विज्ञान के छात्र–छात्राओं के लिए प्रयोगशाला तक नहीं है। प्रधानाचार्य का पद भी रिक्त चल रहा है।

# चेन्नई में एयर शो देखने के लिए जुटी लाखों की भीड़, दो की मौत

- कई लोगों की सेहत बिगड़ी

चेन्नई। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का रेतीले मरीना बीच पर एयर शो का आयोजन काफी लोकप्रिय रहा, लेकिन रविवार को इस खूबसूरत तट पर जुटे हजारों लोगों को कार्यक्रम के बाद घर लौटना बेहद मुश्किल लगा। पुलिस ने बताया कि दो लोग बीमार हो गए और उनकी मौत हो गई। पास के लाइटहाउस मेट्रो स्टेशन और वेलाचेरी में चेन्नई एमआरटीएस रेलवे स्टेशन, जो मरीना के पास चिंताद्रिपेट को जोड़ने वाला सबसे नजदीकी जंक्शन है, पर सैकड़ों लोग उमड़ पड़े और कई लोगों को प्लेटफॉर्म पर खड़े होने के लिए पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। इसके बावजूद कई लोगों ने यात्रा करने का जोखिम उठाया, जबकि अन्य को



ट्रेन छूट गई।

**गर्मी के कारण बेहोश हुए लोग**

एरियल शो स्थल के नजदीक अन्ना स्क्वायर स्थित बस स्टॉप पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई से कहा, 'मरीना में भगदड़ जैसी स्थिति और गर्मी के कारण करीब एक दर्जन लोग बेहोश हो गए और उनका इलाज सरकारी सुविधा में कराया गया।' उन्होंने कहा कि पुलिस को यातायात को साफ करने के लिए कदम उठाना पड़ा, ताकि तीन एंबुलेंस अस्पताल पहुंच सकें। घर लौटते समय दो लोग बीमार हो गए और एक ने सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य व्यक्ति अन्ना सलाई में अपनी बाइक के पास मर गया। अधिकारी ने कहा कि डीहाईड्रेशन के लक्षणों के साथ करीब 35 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने वाली मरीना से मुख्य सड़कें भी यातायात जाम से प्रभावित रहीं और वाहन कई मिनट तक एक स्थान पर खड़े रहे।

# चौखंबा से विदेशी महिला पर्वतारोहियों का तीन दिन बाद सुरक्षित रेस्क्यू

## वायु सेना के हेलिकॉप्टरों ने किया रेस्क्यू, यूएसडीएमए में बनी रणनीति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सतत निगरानी और निर्देशन में राहत और बचाव दलों द्वारा एक और कठिन रेस्क्यू अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से संचालित रेस्क्यू अभियान के उपरांत तीन दिन से चौखम्बा–03 पर्वत में फंसी 02 विदेशी महिला पर्वतारोहियां का आज सुबह सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। दोनों पर्वतारोहियों को राहत और बचाव दलों ने जोशीमठ पहुंचा दिया है। इस पूरे अभियान की एनडीएमए द्वारा भी मॉनिटरिंग की गई। दिनांक 11 सितंबर को दो महिला पर्वतारोही अमेरिका निवासी मिशेल थैरेसा डूरक (23 वर्ष) तथा इंग्लैंड निवासी फेव जेन मैनर्स (27 वर्ष) चौखंबा पर्वत के आरोहण के लिए दिल्ली से निकले थे। 03 अक्टूबर को देर शाम जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र चमोली को इंडियन माउंटेनियरिंग फेडेरेशन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दोनों विदेशी महिला पर्वतारोही चौखम्बा–03 पर्वत (6995 मीटर) में 6015 मीटर की ऊंचाई पर फंस गए हैं।

आईएमएफ द्वारा जिला प्रशासन चमोली से दोनों पर्वतारोहियों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू करने का अनुरोध किया गया। इधर, मा0 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में जैसे ही यह



मामला आया, उन्होंने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को तत्काल कार्रवाई कर दोनों पर्वतारोहियों का सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए निर्देश दिए। मा0 मुख्यमंत्री जी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में 03 अक्टूबर को ही देर रात अपर जिलाधिकारी चमोली विवेक प्रकाश ने रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को दोनों विदेशी पर्वतारोहियों के हवाई रेस्क्यू के लिए पत्र भेज दिया।

राज्य सरकार के अनुरोध पर रक्षा मंत्रालय द्वारा अगले दिन यानी 04 अक्तूबर को तड़के ही सरसावा एयर बेस से भारतीय वायु सेना के दो चीता हेलीकॉप्टर रेस्क्यू अभियान हेतु जोशीमठ के लिए रवाना कर दिए गए। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा उपलब्ध कराए गए कोआर्डिनेट्स पर दोनों पर्वतारोहियों को खोजने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन उनसे किसी तरह का संपर्क नहीं हो पाया।

इधर, एयर ऑपरेशन के जरिये पर्वतारोहियों का पता न चल पाने की स्थिति में प्लान–बी पर भी काम किया गया। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, एसडीआरएफ की आईजी ऋद्धिम अग्रवाल और यूएसडीएमए के एसीईओ ऑपरेशंस डीआईजी राजकुमार नेगी द्वारा राहत और बचाव दलों के साथ मिलकर एक लैंड बेस्ड ऑपरेशन की योजना भी बनाई गई और एसडीआरएफ की टीम को 05 अक्तूबर को एडवांस बेस कैंप तक भेजा गया। इधर, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की टीम को भी लैंड बेस्ड ऑपरेशन के लिया तैयार किया गया।

**फ्रांस के दल ने निभाई बड़ी भूमिका**

देहरादून(आरएनएस)। दोनों महिला पर्वतारोहियों ने पेजर के माध्यम से 03 अक्तूबर को अपने दूतावास को अवगत कराया कि वे चौखंबा से पहले फंस गए हैं तथा उनका सामान खाई में गिर गया है, जिसमें उनका भोजन तथा पर्वतारोहण से संबंधित आवश्यक उपकरण हैं। इनके बिना न वे ऊपर जा सकते हैं और न नीचे आ सकते हैं। इसके बाद इंडियन माउंटेनियरिंग फेडरेशन द्वारा इसकी सूचना जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को दी गई, जिसके बाद एसडीआरएफ तथा वायु सेना द्वारा रेस्क्यू प्रारंभ किया गया।

इधर, वायु सेना तथा एसडीआरएफ द्वारा लगातार दोनों पर्वतारोहियों की खोजबीन के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। जैसे–जैसे समय बीतता जा रहा था, वैसे–वैसे राहत और बचाव दलों के सामने दोनों महिलाओं को सुरक्षित बचाने की चुनौती भी बढ़ती जा रही थी। उधर, 18 सितंबर को फ्रांस के पांच पर्वतारोहियों का एक दल भी चौखंबा पर्वत के आरोहण के लिए निकला था।

## सम्पादकीय

# भाजपा के प्रभावहीन मुद्दे

हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों ने भारतीय जनता पार्टी के माथे पर शिकन पैदा कर दी है। हालांकि 8 अक्टूबर को चुनाव परिणाम घोषित होंगे लेकिन जिस प्रकार से एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आए हैं उसने भाजपा के खेमे में ऊपर से नीचे तक हलचल पैदा कर दी है। भाजपा का "थिंक टैंक" सोचने पर विवश है कि आखिर जिन मुद्दों को लेकर वह जनता के बीच उतरे थे क्या अब वह कारगर साबित नहीं हो रहे है! हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के "एग्जिट पोल" में कांग्रेस को दोनों राज्यों में एक बार फिर सफलता अर्जित करते हुए दिखाया गया है जहां एक तरफ हरियाणा में कांग्रेस के पास पूर्ण बहुमत तो वही जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ कांग्रेस सरकार बनाती हुई नजर आ रही है। जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम देश की राजनीति एवं भाजपा की आगामी रणनीतियों पर एक गहरा प्रभाव डालेगी। भारतीय जनता पार्टी ने ही कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बाध्यता को समाप्त किया था जबकि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस शुरू से ही केंद्र सरकार के इस फैसले के विरोध में खड़े थे। वर्तमान चुनाव में भी इस मुद्दे पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस खुलकर जनता के सामने आई है तो क्या यह माना जाए कि कश्मीर की जनता केंद्र सरकार के इस फैसले से खुश नहीं है? हरियाणा विधानसभा चुनाव में किसानों का वोट एक बहुत बड़ा स्थान रखता है और जिस प्रकार से चुनाव से पूर्व तीन कृषि कानून को लेकर बयानबाजियां हुई है उससे भाजपा का प्रचार मंडल हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान काफी परेशान भी दिखा। भाजपा यदि हरियाणा से बाहर होती है तो इसका बहुत बड़ा प्रभाव अन्य हिंदी भाषी राज्यों में भी देखने को मिलेगा और शायद यही कारण है कि दो राज्यों में मिल रहे आंकड़ों के बाद अब पांच राज्यों के मुख्यमंत्री बदलने की चर्चाएं भी जोर पकड़ने लगी है। चर्चा है तो यह भी हो रही है कि भाजपा जिन खास मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही थी वह अब लोगों को पसंद नहीं आ रहे है बजाय इसके जनता अब विकास और रोजगार की बातें और परिणाम पर अधिक फोकस कर रही है ना की कट्टरवादिता और धर्म विशेष को लेकर की जाने वाली राजनीति को। भाजपा को भी अब अपनी भविष्य की चुनाव नीति पर विचार करना होगा और इस बात को समझना होगा कि जिन मुद्दों को लेकर अब तक बीजेपी जीत का परचम लहराती आई है वह जनता की हिट लिस्ट से बाहर होते जा रहे हैं।

# दुर्गा समस्त शक्ति अर्थात राष्ट्र शक्ति का प्रतिरूप

**अशोक प्रवृद्ध**


हेमाद्री ग्रन्थ में इनके दस और आठ हाथों का उल्लेख है। माता की चतुर्भुजी प्रतिमा भी देखी जाती है, परंतु देवी की दसभुजा और अष्टभुजा स्वरुप ही जनमानस में सर्वप्रचलित है। देवी की दस भुजाएं दस दिशाओं की केन्द्रीय शक्ति होने तथा दस विभूतियों से मानव की रक्षा करने के भाव का प्रमुख रूप से द्योतक है। इसी प्रकार अष्टभुजा आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक है।

नवरात्र में अष्टभुजाओं वाली भगवती दुर्गा की प्रतिमा स्थापन, पूजन, आराधना की परिपाटी है। भगवती दुर्गा की प्रतिमा में हाथों की संख्या विभिन्न पुराणों में अलग–अलग अंकित है। वराह पुराण 95/41 में अंकित है कि माता वाराही अपनी बीस हाथों में अस्त्र–शस्त्र एवं धार्मिक–सांस्कृतिक प्रतीकों– शंख,चक्र गदा, पद्म, शक्ति, महोल्का, हल,मूसल, खड्ग, परिधि, भृशुण्डि, मस्तक, खेमट, तोमर, परशु, पाश, कुन्त,त्रिशूल, सारंग, धनुषादि को धारण करती है। देवी भागवतपुराण में इनके अठारह हाथों का उल्लेख है। हेमाद्री ग्रन्थ में इनके दस और आठ हाथों का उल्लेख है। माता की चतुर्भुजी प्रतिमा भी देखी जाती है, परंतु देवी की दसभुजा और अष्टभुजा स्वरुप ही जनमानस में सर्वप्रचलित है। देवी की दस भुजाएं दस दिशाओं की केन्द्रीय शक्ति होने तथा दस विभूतियों से मानव की रक्षा करने के भाव का प्रमुख रूप से द्योतक है। इसी प्रकार अष्टभुजा आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक है।

इसी कारण देवी की दस विद्या, नवदुर्गा अथवा अष्ट मातृका रूप में नाम–स्मरण, पूजा–अर्चना की परिपाटी है। शताक्षी एवं शाकंभरी भी इनका नाम है। आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक अष्टभुजा वाली दुर्गा की वास्तविकता का वर्णन व विश्लेषण वैदिक मत में भी किया गया है। वैदिक विद्वानों के अनुसार पहली भुजा (भुज) पूर्व की है, जहां से उदित होने वाले अदिति सूर्य का प्रातः काल में पूर्वाभिमुख होकर के याग करना चाहिए। अपने जीवन को प्रकाशमान करना चाहिए। क्योंकि प्रकाश ही तो मानव का जीवन है। अपने अंतर्तम के अंधकार को समाप्त करना चाहिए। अंधकार अज्ञान का प्रतीक है। प्रकाश ज्ञान का प्रतीक है। यह देवी की एक भुजा है। दूसरी भुजा दक्षिण दिशा है।

अध्यात्म में दक्षिण दिशा में विज्ञान की तरंगे ओत– प्रोत रहती है। दक्षिण में ही शब्दों का भंडार होता है। दक्षिण में ही सोम है। दक्षिण दिशा ही अग्नि और विद्युत का भंडार है। इसलिए यह ईश्वर प्रदत्त दूसरी दिशा, दूसरी भुजा और दूसरी शक्ति है। तीसरी दिशा पश्चिम है, जो ईश्वरीय दिव्य शक्ति माता का तृतीय भुज कहलाता है। यह भुज अन्न के भंडार के रूप में जानी जाती है। जब पश्चिम दिशा से वायु वेग से गति करती है, विद्युत को साथ लेकर आती है तो माता पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार की आभा को वर्षा से परिणत कर देती है। नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थ इसी से उत्पन्न होने लगता है। इसलिए यह माता की तीसरी भुजा है।

चौथी भुजा उत्तरायण है। योगी, साधकजन सभी उत्तर की दिशा को अभिमुख होकर योगाभ्यास करते हैं। प्राण की गति को प्राप्त करते हैं। सभी शुभ कार्य उत्तर दिशा की ओर मुख करके होते हैं। सभी ज्ञान का भंडार उत्तरायण में रहता है। इसलिए यह ईश्वर रूपी माता की दी हुई चौथी भुजा है। पांचवी भुजा ध्रुवा कही जाती है, जो प्रकृति के साथ जुडने वाली नीचे की ओर की भुजा अथवा दिशा है। प्रकृति एवं पृथ्वी से अनेक साधन और समर्थ प्राप्त होते हैं। साधक अथवा वैज्ञानिक इसमें भी गति करता है। छठा भुजा उर्ध्वा में रहता है अर्थात ऊपर की दिशा जो अंतरिक्ष लोक से द्युलोक तक की गति कराता है। नाना प्रकार की सुखों की, आनंद की, तथा देवत्व की वृष्टि करता है। इसकी प्राप्ति के लिए प्राणी को



दैव (देवी) याग करना चाहिए। और ब्रह्मवेत्ता अर्थात ब्रह्म का चिंतन करने वाला साधक बनना चाहिए। योगी की भांति उड़ान करते हुए अनेक लोकों में, मंडलों में भ्रमण करना चाहिए। विज्ञान के युग में गति करनी चाहिए। वैज्ञानिक यंत्रों पर विद्यमान होकर के लोक– लोकातंरों की यात्रा योगाभ्यासी करने लगता है।

उल्लेखनीय है कि याग के समय कलश की स्थापना की दिशा ईशान कोण होती है। योगाभ्यास करने वाला प्राणी मूलाधार में मूल बंध को स्थित करके नाभि केंद्र में ज्योति का प्रकाश दृष्टिपात करता है। उसके बाद जालंधर बंध को लगा करके हृदय चक्र में ज्योति को देखता है। तत्पश्चात कंठ में और स्वाधिष्ठान चक्र में, जहां त्रिवेणी का स्थान अर्थात ईड़ा, पिंगला, सुषुम्ना का मिलन होता है, वहां त्रिभुज कहलाता है, इस त्रिभुज वाले स्थान पर तीनों गुण– रजोगुण, तमोगुण, सतोगुण को दृष्टिपात करके आत्मा ब्रह्म रंध्र में प्रवेश करता है। और ब्रह्म रंध्र में जब योगेश्वर जाता है, तो वह सर्व ब्रह्मांड को दृष्टिपात करता है। ईशान कोण में विद्यमान ज्योति को योगी ध्यानावस्थित करता है।

कुंभकार के द्वारा मृदा से निर्मित कलश में जल ओत–प्रोत होता है। इसमें अमृत होता है। वह अमृत प्राण की वर्षा कर रहा है। ज्ञान की वृष्टि कर रहा है। अर्थात वह सरस्वती का देने वाला है। ज्ञान का पान करने से सरस्वती आती है। अमृत के ही पान करने वाले सरस्वती को अपने में धारण करते हैं। यह ईशान माता काली अर्थात पृथ्वी की सातवीं भुजा है। आठवां भुजा दक्षिणायन कृति कहलाता है इसमें विद्युत समाहित होकर और पश्चिम दिशा से अन्न का भंडार लेकर के मानव का भरण पोषण करती है। इसलिए वह भी एक देवी का रूप है, शक्ति का रूप है। इसीलिए योगी व विद्वतजन कल्याण करने वाली माता, देवी से दुर्गुणों को दूर करके, दुर्गुणों को शांत करके कल्याण करने, अपनी अमृत की वृष्टि करने की प्रार्थना करते हैं।

इस अष्टभुजा दुर्गा का अपना राष्ट्रीय महत्व भी है। दुर्गा समस्त शक्ति अर्थात राष्ट्र शक्ति का प्रत्तिरूप है, जो कि व्यक्ति और व्यक्तियों का सम्मिलित रूप राष्ट्र, शारीरिक रूप बल, सम्पति बल एवं ज्ञान बल से सिंह सदृश है, उस व्यक्ति में, उस राष्ट्र पर शक्ति (दुर्गा) प्रकट होती है। राष्ट्र को पशुबल (कार्तिकेय), सम्पति बल (लक्ष्मी) एवं ज्ञान बल (सरस्वती) चाहिए, किन्तु बुद्धिहीन के लिए बल, सम्पति एवं ज्ञान निरर्थक ही नहीं, प्रत्युत आत्मसंहार के लिए प्रबल अस्त्र सिद्ध होते हैं।

इसीलिए मनुष्यता के आदिदेव बुद्धि के महाकाय (गणपति) वर्तमान हैं, जिनकी विशाल बुद्धि (शरीर) के भार के नीचे सभी विघ्न (चूहे) विवश रहते हैं। समस्त दिशाओं में फैली हुई राष्ट्रशक्ति ही राष्ट्र की दो, चार, आठ, दस, सहस्त्र और अनन्त तथा असंख्य भुजाएं हैं तथा समस्त प्रकार के उपलब्ध अस्त्र–शस्त्रादि ही दिक्पालों के अस्त्र–शस्त्रादि इनके आयुध हैं। कोई व्यक्ति और राष्ट्र ऐसा नहीं है, जिसका विरोध न हो। यही महिष है। दुर्गा के रूप में यह भारतशक्ति की उपासना है।

पौराणिक मान्यतानुसार नवरात्र उत्सव के चौथे दिन पूजी जाने वाली कूष्माण्डा देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए ये माता अष्टभुजा कहलाती हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल–पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्रतथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृत में कुम्हड़े को कुष्माण्ड कहे जाने कारण इस देवी को कुष्माण्डा के नाम से संज्ञायित किया जाता है। अपनी मन्द, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत? हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा अथवा आदिशक्ति कहा गया है।

इस देवी का वास सूर्यमण्डल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कान्ति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। कूष्माण्डा अर्थात अण्डे को धारण करने वाली। स्त्री और पुरुष की क्रमशः गर्भधारण और गर्भाधान शक्ति है। मनुष्य योनि में स्त्री और पुरुष के मध्य इक्षण के समय मंद हंसी (कूष्माण्डा देवी का स्व भाव) के परिणाम स्वरूप जो उठने वाला आकर्षण और प्रेम का भाव भगवती की ही शक्ति है। इनके प्रभाव को समस्त प्राणीमात्र में देखा जा सकता है। ब्रह्मा के दुर्गा कवच में वर्णित नवदुर्गा नौ विशिष्ट औषधियों में कूष्माण्डा भी शामिल है। पेठा और कुम्हड़ा नाम से प्रचलित यह औषधि रक्त विकार दूर कर पेट को साफ करने में सहायक है। मानसिक रोगों में यह अमृत समान है।

संसार सागर में डूबते हुए पुत्रों को अमोधवाणी से उत्साहित करने वाली त्रैलोक्यजननी, विश्वम्भरी, कृपासागरा, सच्चिदानन्दरूपिणी, भक्तवत्सला, अमृतरसदायिनी, कामदूहा, प्रकृतिरूपा श्रीदुर्गा की उपासना भारतवर्ष के समस्त अंचलों में विभिन्न रूपों में की जाती है। यह वर प्रदान करने के लिए सर्वदा उन्मुक्तहस्त खड़ी रहती है। इसीलिए इसका नाम जगत्तारिणी है। सम्पूर्ण विश्व को सत्ता, स्फूर्ति और सरसता प्रदान करने वाली सच्चिदानन्दरूपा महाचित्ति भगवती श्रीदुर्गा अपने तेज से तीनों लोकों को परिपूर्ण करती हैं तथा जीवों पर दया करके स्वयं ही सगुण भाव को प्राप्त कर ब्रह्मा, विष्णु, महेश से उत्पति, पालन और संहार करती है।

विश्वजननी, मूलप्रकृतिईश्वरी, आद्याशक्ति श्रीदुर्गा सर्वांगी, समस्त प्रकार से मंगल करने वाली एवं सर्वमंगलों की भी मंगल है। प्रकृति स्वधा है, पृश्नि है तथा पिशंगिला, पिलिप्पिला, अजा, अमृता, अदिति, उत, अप, अवि, सिन्धु, ब्रह्म, त्रदत, त्रिधातु आदि अनेक नाम वाली हैं। प्रकृति से जीव को विविध प्रकार की भोग सामग्री प्राप्त होती है, जिसे वह अपने कौशल द्वारा और भी उपयोगी बना लेता है।

# वीरांगना रानी दुर्गावती सुशासित व समृद्ध साम्राज्य की प्रेरणास्रोत

**—क्रांतिदीप अलूने**

वीरांगना रानी दुर्गावती महिला शासकों के भारतीय स्वर्णिम इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर है। रानी दुर्गावती ने 16वीं शताब्दी में गोंडवाना राज्य की शासक के रूप में अपने साहस और नेतृत्व के लिए ख्याति प्राप्त की। उनकी जन–कल्याणकारी व्यवस्था को सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। रानी ने एक संतुलित, न्यायपूर्ण और विकासात्मक प्रणाली के रूप में शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए गोंडवाना को एक मजबूत और समृद्ध साम्राज्य बनाया।

वीरांगना रानी दुर्गावती के शासन में गोंड संस्कृति ने देश की सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध किया है। उन्होंने अपनी पारंपरिक प्रथाओं से पर्यावरण के संवर्धन और संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। आज़ादी के प्रति असीम प्रेम और किसी की अधीनता स्वीकार न करने की जिद और जुनून गोंड समाज की पहचान रही है। रानी दुर्गावती गोंड समुदाय के पराक्रम, भारतीय वीरता और शूरता की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं।मुगल साम्राज्य की अधीनता स्वीकार न करने वाली रियासतों के लिए मुगल काल में सुरक्षित रहना बहुत कठिन माना जाता था, क्योंकि विशाल मुगल सेना के सामने युद्ध भूमि में सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में गोंडवाना साम्राज्य की संरक्षिका के रूप रानी दुर्गावती के कार्य एवं अपूर्व वीरता के साथ राज्य के विकास में किया गया अभूतपूर्व योगदान सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। रानी दुर्गावती के कार्यों और वीरता का गुण–गान आज भी जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न बोलियों और कई भाषाओं में किया जाता है, जो भावी पीढ़ियों के लिये प्रेरणास्पद है।रानी दुर्गावती का संघर्ष मुगलों के खिलाफ था और वे जनजातीय संस्कृति और विरासत की सुरक्षा के प्रति कृत–संकल्पित थीं। उन्होंने मुगलों के खिलाफ एक सशक्त प्रतिरोध का आधार तैयार किया, जिसने देश के दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले राजा–महाराजा और अधीनता स्वीकार न करने वाले अनेक समूहों को मुगल सत्ता के खिलाफ लगातार लडने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान जबलपुर उनके साम्राज्य का केंद्र था। रानी ने करीब 16 वर्ष तक शासन किया। उन्होंने अपने कार्य–काल में अनेक मंदिर, मठ, कुएं, बावडियां तथा धर्मशालाएं बनवाईं। लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए रानी की कीर्ति दूर–दूर तक फ़ैल गई।रानी दुर्गावती के गढ़ मंडला पर मुगल सूबेदार बाजबहादुर की बुरी नजर थी, लेकिन युद्ध में रानी दुर्गावती ने उसकी पूरी सेना का सफाया कर दिया और फिर वह कभी पलटकर नहीं आया। मुगल सेना के कई हमलों को नाकाम करने वाली रानी दुर्गावती का खौफ दिल्ली की मुगल सत्ता को भी प्रभावित करने लगा। रानी दुर्गावती को अपनी रणनीतिक योग्यता, पारम्परिक सैन्य संसाधन और सैन्य शक्ति पर इतना विश्वास था कि वे विशाल मुगल सेना से कभी विचलित नहीं हुईं। रणक्षेत्र में रानी ने मुगलों की अपेक्षा में बेहद छोटी सेना होने के बाद भी असीम वीरता का परिचय दिया। इस कारण मुगल सेना युद्ध मैदान से भाग खड़ी हुई। रानी दुर्गावती ने मुगलों के खिलाफ अपनी भूमि की रक्षा के लिए जिस अद्वितीय साहस का परिचय दिया, वह भारत की मातृशक्ति के पराक्रम, शौर्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

# योगी जी का नया फरमान

**अजय दीक्षित**

योगी जी ने पिछले दिन फिर आदेश निकाला है कि खान–पान वाले अपने मालिक और मैनेजर का नाम लिखेंगे । सभी कर्मचारियों के नाम भी घोषित होना चाहिए ? खाना बनाने वाले मास्क और दस्ताना पहनें । कुछ समय पहले कांवड़ के समय में योगी जी ने आदेश निकाला था कि सभी खाद्य पदार्थ बेचने वाले, यहाँ तक कि ढेले वाले भी नाम घोषित करेंगे । योगी जी का आरोप था कि बहुत से मुसलमान अपनी दुकान का नाम हिन्दू देवी देवताओं के नाम पर रख लेते हैं और इससे हिन्दू कांवड़िए मुसलमान की दुकान का खाना खा लेते हैं । अब हिन्दू धर्मशास्त्र के जानकारों का कहना है कि यह कहीं नहीं लिखा है कि दूसरे धर्म वाले का दिया खाना खाने से कोई पथ भ्रष्ट हो जाता है । तब तो केवल ब्राह्मण के हाथ का बना खाना ही खाना चाहिए । सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी । स्वच्छता अच्छी चीज है, परन्तु इसे जाति या धर्म से जोडना ठीक नहीं है । कहते हैं वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के भगवान के कपड़े मुस्लिम महिलाएं सिलती हैं । अलमें भाजपा के कुछ लोग देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहते हैं । अब भाजपा वाले कहते हैं कि कांग्रेस के कारण देश का विभाजन हुआ । अब कुछ मुसलमानों के साथ तो हम नहीं रह सकते, फिर देश का विभाजन नहीं होता तो क्या दोनों सम्प्रदाय के लोग शांति से रह सकते थे । वीर सावरकर ने भी लिखा है कि हिन्दू राष्ट्र में मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं हैं । असलियत यह है कि हिन्दू महासभा ने बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर प्रांतीय सरकार बनाई थी । असल में योगी जी साधु संत भी बना रहना भी चाहते हैं तो राजनीति भी करना चाहते हैं । देश की बहुत प्रतिष्ठित संस्था गोरखनाथ पीठ के वे अधिष्ठाता हैं । परन्तु साधु होने के कारण वे अपने पिता की मौत के बाद दाह संस्कार में शामिल नहीं हुए । अब यह दोहरी नीति कैसे चल सकती है । योगी जी दूसरी बार के मुख्यमंत्री हैं । अभी जो आदेश निकाला है वह पहले क्यों नहीं निकाला । असल में उत्तर प्रदेश में दस सीटों पर उप चुनाव होने हैं । हिन्दी वोट साधने के लिए यह नया आदेश आया है, विपक्ष ऐसा आरोप लगाता है । यह भी कहा जाता है कि वे देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं । यद्यपि मोदी जी के बाद अमित शाह का ही नम्बर है । विपक्ष का यह भी आरोप है कि योगी जी और अमित शाह के बीच सम्बन्ध मधुर नहीं है । अभी कश्मीर में चुनावी भाषण देते हुए अमित शाह ने घोषणा की कि वे ईद और मोहर्रम पर फ्री गैस सिलेण्डर देंगे । असल में जम्मू कश्मीर में यदि भाजपा अपनी सरकार बनना चाहती है तो उसे कश्मीर को साधना पड़ेगा और कश्मीर में बहु संख्यक हिन्दू नहीं, मुसलमान है । अब यदि कश्मीर में ईद और मोहर्रम पर फ्री गैस सिलेण्डर मिलेगा तो यह देश के अन्य राज्यों में रहने वाले मुसलमानों को क्यों नहीं? भारत के लिए हिन्दू राष्ट्र की कल्पना करना एक बड़ा खतरनाक खेल है और देशहित में नहीं होगा, ऐसा बहुतों का मानना है ।

# जिगरा को सेंसर बोर्ड से यूए सार्टिफिकेट के साथ मिली हरी झंडी

आलिया भट्ट और वेदांग रैना अपनी एक्शन से भरपूर फिल्म जिगरा में दर्शकों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन गई है। अगले महीने बड़े पर्दे पर रिलीज होने से पहले इस फिल्म ने सेंसर बोर्ड की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। फिल्म अब केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से पास हो गई है।



जिगरा को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी दिखा दी है। इसके साथ ही फिल्म का रन टाइम भी सामने आ गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, जिगरा को यूए सर्टिफिकेशन दिया गया है और इसकी अवधि 155 मिनट है। इसका मतलब है कि फिल्म की अवधि 2 घंटे 35 मिनट है। आलिया भट्ट इस फिल्म की मुख्य भूमिका में हैं और उन्होंने करण जौहर के साथ मिलकर इस वासन बाला निर्देशित फिल्म का सह–निर्माण किया है।

आगामी फिल्म में आलिया और वेदांग भाई–बहन की भूमिका निभा रहे हैं और उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों से प्रशंसा मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत आलिया भट्ट के किरदार को देर रात कॉल आने से होती है, जिसमें बताया जाता है कि उसके भाई अंकुर (वेदांग रैना) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उलझन और चिंता में वह उससे पूछती है कि क्या उसने कुछ गलत किया है और क्या उसका ब्लड टेस्ट साफ होगा। फिर अंकुर को एक विदेशी देश के कोर्ट रूम में देखा जाता है, जो भाषा समझने में असमर्थ है और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

अपने भाई को बचाने के लिए आलिया का किरदार स्थितियों से जूझने के लिए बेताब होकर एक मिशन पर निकल पड़ता है।

## 3 साल बाद हुई वापसी

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच ग्वालियर में पहला टी20 मैच खेला जा रहा है। न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में भारत की मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को प्लेइंग 11 में मौका मिला। वरुण चक्रवर्ती की करीब 3 साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हुई। उन्होंने आखिरी मैच 5 नवंबर, 2021 को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड में खेला था। इसके साथ ही वरुण ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

दरअसल, वरुण चक्रवर्ती (2021–24) 2 टी20 इंटरनेशनल मैच के बीच सबसे ज्यादा मुकाबले मिस करने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर खलील अहमद (2019–24) हैं।

# रूट इतिहास रचने के करीब... 27 रन बनाते ही हासिल करेंगे बड़ा कीर्तिमान

नई दिल्ली। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज कल यानी 7 अक्टूबर से होने जा रहा है। पहला मुकाबला मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम की नजरें इतिहास दोहराने पर होगी। 2022–23 में पाकिस्तान दौरे पर इंग्लैंड की टीम ने मेजबान टीम को 3–0 से मात देकर सीरीज अपने नाम की थी। इस बार भी इंग्लिश टीम कुछ ऐसा ही करना चाहेंगी। वहीं, पाकिस्तान टीम हालिया समय में खराब दौर से गुजर रही है। बांग्लादेश की टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में 2–0 से




मात दी। दरअसल, पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में जो रूट के पास एक बड़ा मुकाम हासिल करने का मौका हैं। जो रूट इंग्लैंड के सबसे प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और इस टेस्ट सीरीज में भी वह एक अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में जो रूट एक ऐतिहासिक उपलब्धि के करीब हैं और उन्हें इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए केवल 27 रन की जरूरत हैं। रूट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके पास 58 मैचों में 4,973 रन हैं, जिनमें 16 शतक शामिल हैं। अगर वे पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में 27 रन बना लेते हैं, तो वे हळ्ळ में 5,000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

# रणबीर कपूर की धूम 4 में धमाकेदार एंट्री, निभाएंगे खतरनाक विलेन का रोल

बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म फ्रेंचाइज़ी ह्यधूमह्न को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही थीं, और अब यह तय हो गया है कि धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं. 2004 में जब आदित्य चोपड़ा ने जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के साथ धूम बनाई थी, तब इसने बॉलीवुड में एक नए तरीके की कहानी कहने की शुरुआत की थी. जॉन अब्राहम ने ग्रे शेड्स वाले किरदार को बड़े पर्दे पर बेहद कूल अंदाज में प्रस्तुत किया था. इसके बाद 2006 में रितिक रोशन और फिर 2013 में आमिर खान की एंट्री से यह फ्रेंचाइज़ी और भी सफल होती चली गई. अब रणबीर कपूर इस सीरीज़ के चौथे भाग में खलनायक के किरदार में नजर आएंगे.

धूम 4 के लिए रणबीर कपूर को नकारात्मक भूमिका में लिया गया है, और यह पूरी तरह से एक रिबूट फिल्म होगी. इसका मतलब है कि पिछली फिल्मों के कोई भी मुख्य कलाकार इस बार नजर नहीं आएंगे. फिल्म में दो नए युवा सुपरस्टार्स को पुलिस की जोड़ी के रूप में कास्ट किया जाएगा. सूत्रों के अनुसार, इस बार धूम 4 सिर्फ सबसे बड़ी धूम फिल्म ही नहीं होगी, बल्कि भारतीय सिनेमा की ग्लोबल स्टैंडर्ड पर बनी एक भव्य फिल्म होगी.

धूम 4 अब प्री–प्रोडक्शन स्टेज में प्रवेश कर चुकी है, और यह आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व में वाईआरएफ (यशराज फिल्म्स) के बैनर तले तैयार की जा रही है. आदित्य चोपड़ा ने पिछले सभी हिस्सों की तरह इस बार भी विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट तैयार की है. फिल्म की कहानी और विजन् को ऐसा रखा जा रहा है जिससे दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव मिल सके.

रणबीर कपूर के साथ लंबे समय से बातचीत चल रही थी, और अब यह तय हो गया है कि वह इस फिल्म का नेतृत्व करेंगे.

## बिग बॉस 18 में नजर आएंगी उर्फी जावेद की बहन उरुसा, निर्माताओं से बातचीत जारी

चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस के नए सीजन के साथ सलमान खान एक बार फिर से वापसी के लिए तैयार हैं।6 अक्टूबर से बिग बॉस 18 शुरू होने जा रहा है, जिसका प्रशंसक भी काफी समय से इंतजार कर रहे थे।अब तक इसके कई प्रोमो सामने आ गए हैं, वहीं निया शर्मा इस सीजन की पहली प्रतियोगी हैं।अब खबर आ रही है कि उर्फी जावेद की बहन उरुसा भी बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने कुछ दिन पहले बिग बॉस 18 के लिए उरुसा से संपर्क किया था और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है। एक सूत्र ने कहा, उरुसा बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं।

# भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की उम्मीदों को रखा जिंदा, पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंदा

नई दिल्ली। विमंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 7वें मुकाबले में रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को 06 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारतीय महिलाओं ने सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा है। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के हाथों हार का समाना करना पड़ा था।

**पाकिस्तान ने बनाए 105 रन**

मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।




पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 105 रन बनाए। निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन की पारी खेली। जवाब में भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में टारगेट को चेज कर लिया।

**पाकिस्तान की खराब शुरुआत**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ठाकुर ने गुल फिरोजा को बोल्ड किया। गुल फिरोजा का खाता तक नहीं खुला। 25 के स्कोर पर पाकिस्तान को दूसरा झटका लगा। सिदार अमीन ने 11 गेंदें पर 8 रन बनाए।

**अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट चटकाए**

ओमाइमा सोहेल ने 3, मुनीबा अली ने 17, आलिया रियाज ने 4, कप्तान फातिमा सना ने 13, तूबा हसन ने कोई रन नहीं बनाया। अरूब शाह 14 और नास्रा संधू 6 रन बनाकर नाबाद रहीं।

### एक नजर

## मां कूष्मांडा की हुई आराधना

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः कोट ब्लॉक के मां भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर चतुर्थ दिवस में मां के कूष्मांडा रूप का पूजन किया गया। समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चतुर्थ दिवस में कीर्तन भजन प्रतियोगिता के तहत जयगढ़ रेवासी मंडली पौड़ी, जय गढगोरिल पौड़ी, पितृमोहल्ला पौड़ी आदि प्रतिभागी की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल, सचिव दुर्गा जुयाल, स्थानीय समिति के अध्यक्ष नवीन जुयाल, उपासक मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र जुयाल, संचालन आचार्य नवीन ने किया।

## घुर–घुरांदी घुघुती पर जमकर थिरके छात्र

नई टिहरी। कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले की सांस्कृतिक संध्या में प्राथमिक वर्ग और उच्च शिक्षा वर्ग में छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दी। अनिवार्य और ऐच्छिक प्राथमिक वर्ग की दोनों श्रेणी में एसजीआरआर विजेता और शिशु मंदिर उपविजेता बना। उच्च शिक्षा वर्ग में अनिवार्य और ऐच्छिक वर्ग दोनों श्रेणी में पॉलिटेक्निक विजेता और राजकीय महाविद्यालय उपविजेता बना। बीती शनिवार रात को नरेंद्रनगर में कुंजापुरी मेला की सांस्कृतिक संध्या का वन मंत्री सुबोध उनियाल ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत ढालवाला प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने घुर–घुरांदी घुघुती.. गीत से की। प्राथमिक विद्यालय कुमारखेड़ा ने हे छैला गुलाबी छैला, सिविल लाइन के बच्चों ने अगने चला पिछने चला नाच छमा छम गीत की दिलकश प्रस्तुति दी। वहीं शिशु मंदिर की छात्राओं ने जय जय बद्री केदार, श्री गुरु राम राय के द्वारा ने बढ़ते नारी अपराध के खिलाफ महिला सशक्तिकरण पर आधारित आंधियों के बीच मुस्कुराए जा को दर्शकों ने खूब सराहा। उच्च शिक्षा वर्ग में राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के कलाकारों ने ढोल बाजे ढोल बाजे, पॉलीटेक्निक की छात्राओं ने दैणी ह्वे जा खोली का गणेश और मेरी राजराजेश्वरी मां जागर की प्रस्तुति दी। आंचल विद्या भारती के नन्हे मुन्ने बच्चों ने राष्ट्रभक्ति पर आधारित मां तुझे सलाम की प्रस्तुति पर दर्शकों को भाव विभोर किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने मां राज राजेश्वरी का आशीर्वाद लिया

नई टिहरी। शारदीय नवरात्र पर भिलंगना ब्लॉक के सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर चूलागढ़ बासर में मां दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ नियमित जुटी हुई है। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने भी मंदिर में पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रविवार को उन्होंने राजराजेश्वरी मंदिर चूलागढ़ में जिला पंचायत और जिला योजना समिति से 50 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर 300 से अधिक गांव की आराध्य देवी है। साथ ही टिहरी राज परिवारों की कुलदेवी भी है।

बताया कि जनहित में जिला पंचायत और डीपीसी से मंदिर और आसपास के विकास के लिए 50 लाख के विकास कार्य कराए गए हैं। जिसमें छतियारा–खवाड़ा मोटर मार्ग पर भव्य द्वार निर्माण, सड़क से मंदिर तक इंटरलॉकिंग टाइल्स, हाईटेक शौचालय, व्यू प्वाइंट, टीन शेड का लोकार्पण किया गया। मंदिर समिति के महासचिव भास्करानंद नौटियाल, ग्रामीण अनिल चौहान ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर काफी संख्या में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। अब जिला पंचायत ने यहां के विकास के अनेक योजनाएं भी बना दी हैं। जिससे आगंतुकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## पोखरी–कर्णप्रयाग के सुधारीकरण के निर्देश

चमोली। पोखरी सभागार में जनसुनवाई में जिलाधिकारी के समक्ष स्थानीय लोगों ने पेयजल, सड़क, शिक्षा, विद्युत, पेंशन, आवास, आर्थिक सहायता आदि से जुड़ी 86 समस्याएं रखी। अधिकांश शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। विभागीय स्तर की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में क्षेत्रीय विधायक लखपत बुटोला भी मौजूद रहे। पोखरी–कर्णप्रयाग सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने और ठेकेदार द्वारा काम न करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को तत्काल सड़क सुधारीकरण का काम शुरू करने के निर्देश दिए। नौली–धोतीधार सड़क निर्माण हेतु एक सप्ताह में जियोलॉजिकल सर्वे कराने को कहा।

# शादी सीजन में बिगड़ने लगी व्यवस्था, जाम हो रहा शहर


कोटद्वार के देवी रोड पर लगा वाहनों का लंबा जाम

### बाजार में अचानक बढ़ी भीड़ से बदहाल हो रही व्यवस्थाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पितृ पक्ष के बाद शुरू हुए शादी के सीजन में शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी होने लगी है। प्रति दिन सैकड़ों लोग खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। ऐसे में बेतरतीब तरीके से सड़क पर खड़े वाहन व अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है। रविवार को देवी रोड में घंटों जाम की स्थिति बनी रही। अचानक बढ़ी भीड़ ने शहर की व्यवस्थाएं बेपटरी कर दी है। अधिकांश व्यक्ति अपने चारपहिया वाहन सड़क पर बेतरीब तरीके से खड़ा कर बाजार में खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। संकरी सड़कों पर सफेद पट्टी के बाहर खड़े इन वाहनों के कारण अन्य वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पा रहा है। जिससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही है। वहीं, देवी रोड, नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड, गोखले मार्ग, पटेल मार्ग, बदरीनाथ मार्ग पर अतिक्रमण कर सड़क पर सजी दुकानें भी जाम का मुख्य कारण बन रही है। सड़क पर फैली अव्यवस्था के कारण पैदल चलने वालों को दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

### निर्देश पर नहीं दिया ध्यान

शहर में लगातार नासूर बन रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे। लेकिन, अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश को ही हवा में उड़ा दिया। नतीजा शहर में अतिक्रमण हर रोज चुनौती बनता जा रहा है। जबकि, स्थानीय लोग भी कई बार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठा चुके हैं।

## अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ ने समस्याओं पर की चर्चा

रुद्रप्रयाग। अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों ने अवशेष वेतन भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं पर विचार व्यक्त कर विभागीय अधिकारियों से शीघ्र निराकरण की मांग की है। रविवार को संघ के मण्डलीय अध्यक्ष शिव सिंह रावत की अध्यक्षता में विद्या मंदिर सुमाड़ी तिलवाड़ा में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए रुद्रप्रयाग और चमोली जनपद के प्रस्तावित संयुक्त अधिवेशन सहित जूनियर हाईस्कूलों में कार्यरत शिक्षक कर्मचारियों के माह मार्च से रुके वेतन भुगतान पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मण्डलीय अध्यक्ष प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने दोनों जनपदों के संयुक्त अधिवेशन के सम्बन्ध विचार रखते हुए सम्मेलन को भव्य रूप देने पर चर्चा की है।

# बाहरी राज्यों के युवाओं के चयन पर जताया कड़ा रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः बीएड प्रशिक्षित युवा संघ की एक बैठक का आयोजन धुर्वपुर स्थिति आर्य समाज मन्दिर परिसर में किया गया , जिसमें उत्तराखण्ड में चमोली रुद्रप्रयाग जनपदों में डाक विभाग के ब्रांच पोस्टमास्टर और असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर के पदों पर बाहरी राज्य के युवाओं के चयन पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया ।

महासंघ के अध्यक्ष अजय खंतवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में संघ प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने कहा कि राज्य में बाहरी राज्यो के युवाओं को रोजगार देकर यहां के मूल निवासियों के हक पर डाका डाला जा रहा है। पहाड़ की बोली को बाहर के लोग नही समझ सकते पहाड़ की भौगोलिक सांस्कृतिक परिस्थितियां भी देश के अन्य राज्यो से भिन्न हैं । बाबजूद इसके शत प्रतिशत पदों पर बाहरी राज्यो के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गयी है । उन्होंने राज्य सरकार से संज्ञान लेने की मांग की है और कहा उत्तराखण्ड के युवाओं के लिये राज्य द्वारा एक ठोस रोजगार नीति बनाई जानी चाहिये वरना राज्य का युवा एक बड़े आंदोलन के लिए विवश होगा ।

बैठक में प्रसिद्ध गांधीवादी सर्वोदय सेविका शशिप्रभा रावत जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुऐ श्रधांजलि अर्पित की गयी।

बैठक में अजय खंतवाल प्रेमबल्लव ध्यानी राकेश चौधरी सन्तोष मनोज धस्माना अनिल रतूडी दीपक डोबरियाल नीरज खत्री सुशील बिष्ट आशीष डोभाल यजुवेंद्र सिहं प्रदीप नेगी रणवीर सिहं अनूप बिष्ट कमल किशोर धस्माना आदि प्रशिक्षित मौजूद रहे।

# नई टिहरी शहर की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे

रुद्रप्रयाग। जिला मुख्यालय नई टिहरी नगर की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हो रखे हैं। ये गड्ढे आम लोगों के जी का जंजाल महीनों से बने हैं। इन गड्ढों के कारण बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। लोग कई बार सड़कों को ठीक करने की मांग कर चुके हैं और सीएम ने भी सड़कों के ठीक करने के आदेश दिए हैं। बावजूद इसके नगर पालिका गड्ढे के भरान के लिए अभी इस्टीमेट ही बनवा रही है।

इससे आम लोगों में रोष है। बरसात के बाद सड़कों के हालात सुधारने को सीएम धामी ने आगामी 15 अक्तूबर तक हर हाल में कार्यवाही करने को विभागों को निर्देश जारी किये हैं। जिसका प्रभाव अभी तक नगर पालिका नई टिहरी की अंदरुनी सड़कों पर कहीं भी नहीं दिखा है। बीते कई महीनों से नई टिहरी से कान्वेंट स्कूल जाने वाली सड़क, मोलधार में सेंट एंथोनी स्कूल से नगर पालिका की ओर जाने वाली सड़क, हनुमान चौक से बीचों–बीच केवी होते हुए जिला अस्ताल जाने वाली सड़क व जीआईसी ढुंगीधार को जाने वाली सड़कों पर बड़े–बड़े गड्ढे बने हैं। गड्ढे से बचने के लिए वाहन चालकों को कई बार गिरने के साथ अन्य वाहनों से टकराने का खतरा उठाना पड़ता है। जिससे इन गड्ढे के चलते सड़कों पर एक्सीडेंट का खतरा लगातार बना हुआ है। कई दोपहिया वाहन गड्ढे के कारण रपट भी चुके हैं। स्थानीय लोगों में महावीर सिंह, अंकित सजवाण, विजय सेमवाल, रविंद्र गुसांई, सोबन सिंह आदि का कहना है कि नई टिहरी की सड़कों पर बने गड्ढे लगातार परेशनी का कारण बने हुए हैं। जिसकी शिकायत डीएम कार्यालय में भी गई बार की गई है।

## कीटनाशक का छिड़काव, डेंगू के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः बरसात के बाद डेंगू के खतरे को देखते हुए नगरपालिका परिषद की ओर से चारों वार्डों में आवश्यक जगहों पर ब्लीचिंग का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है। दुगड्डा नगर क्षेत्र में अपशिष्ट के निस्तारण के लिए ट्रंचिंग ग्राउंड नहीं है।

नगर का कचरा निस्तारण के लिए चूनाधारा के पास पालिका की ओर से अस्थायी व्यवस्था की गई है। पालिका की ओर कचरा एकत्र करने की डोर–टू–डोर व्यवस्था होने के बावजूद कुछ लोग जागरूकता के अभाव में खुली जगहों पर कचरा फेंक रहे हैं। पर्यावरण मित्र ऐसे कचरे को एकत्र करने का प्रयास करने में जुटे हैं। वहीं, पालिका क्षेत्र में स्थिति को देखते हुए मच्छरों से नगर को सुरक्षित रखने के लिए नगरपालिका की ओर से जरूरी जगहों पर ब्लीचिंग का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है। लोग कीटनाशक छिड़काव और फॉगिंग के बावजूद मच्छरों से निजात नहीं मिलने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कीटनाशक की मात्रा बढ़ाने की मांग की। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि रसायन छिड़काव के लिए जो मात्रा निर्धारित की गई है, वह सही है। रसायन की निर्धारित मात्रा से अधिक प्रयोग करने पर यह मानव जीवन के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

# डा.एसपी सुमनाक्षर को मिला नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डा.सुमनाक्षर को सम्मानित करते समिति के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष डा.एसपी सुमनाक्षर को नेल्स मंडेला अंरराष्ट्रीय सम्मान-2024 दिया गया। इस दौरान सदस्यों ने बेहतर समाज सेवा का भी संकल्प लिया।

रविवार को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लैंसडौन विधायक दिलीप रावत व राष्ट्रीय सहकारिता महानिदेशक डा.मनोज कुमार ने संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार व डा.सुरेंद्र लाल आर्य ने किया। भारतीय दलित साहित्य अकादमी उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह ने कहा कि डा.एसपी सुमनाक्षर लगातार समाज सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एसपी सुमनाक्षर ने आरक्षण में वर्गीकरण को असंवैधानिक करार दिया उन्होंने कहा कि समता, सम्मान व स्वाभिमान की बहाली अभी शेष है। डा.नंदकिशोर ढौडियाल ने कहा कि समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों की अकादमी पहचान करती है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करती है। इस मौके पर डा.सुरेंद्र लाल आर्य, जगत राम अमोला, प्रवेश चंद्र नवानी, डा.जसवंत लाल, सचिदानंद भारती, संजय कुमार, गीता सिंह, दीपक जदली, मोदीमल तेगवाल, लक्ष्मी देवी, आशा टम्टा, सुनीता देवी, मनवर लाल भारती, आशीष, प्रशांत, सुखपाल शाह, डा. जसवंत लाल, सजंय कुमार फौजी, परसुराम, डा.मनोज कुमार, जगत राम अमोली आदि मौजूद रहे।

# सर्वोदय सेविका शशिप्रभा रावत का निधन, पंचतत्व में हुई विलीन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः बोक्सा जनजाति के हितों को लेकर कार्य करने वाली सर्वोदय सेविका शशि प्रभा रावत का निधन हो गया। रविवार को मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। कहा कि समाज सेवा में दिया गया शशि प्रभा का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कोटद्वार निवासी शशिप्रभा रावत ने लगातार समाज सेवा में आपना योगदान दिया। नशे के खिलाफ भी उन्होंने अभियान चलाया। कुछ दिन पूर्व उन्हें डेंगू हुआ था। जिसके बाद उनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था। स्थिति सुधरने पर चार दिन पूर्व स्वजन उन्हें घर ले आए। लेकिन, शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। कौसानी के कस्तूरबा महिला उत्थान मंडल की संचालिका मिस कैटरीन हेलीमैन ह्यसरला बहनह्न के नेतृत्व में 1955 में छात्राओं का दल भूदान आंदोलन की अलख जगाते हुए कोटद्वार पहुंचा। शशिप्रभा भी इस दल की सदस्या थी। दल के रहन–सहन की जिम्मेदारी सर्वोदय सेवक व जमनालाल बजाज पुरस्कार विजेता मान सिंह रावत के पास थी।

जब दल वापस लौट रहा था तो सरला बहन ने मान सिंह जी से विवाह न करने का कारण पूछा, तो उन्होंने विवाह को समाजसेवा की राह में अड़ंगा बताया। बाद में सरला बहन की प्रेरणा से 1956 में शशिप्रभा व मान सिंह रावत विवाह बंधन में बंध गए। वर्ष 2019 में मान सिंह रावत का निधन हो गया था। इसके बाद भी शशिप्रभा अकेले ही सामाजिक कार्यों में जुटी हुई थी। रविवार को उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में हुआ।

## सात विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति के लिए चयन

नई टिहरी। राइंका हिंसरियाखाल के सात विद्यार्थियों का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति में हुआ है। प्रधानाचार्य डीएस बिष्ट ने बताया कि, कक्षा 6 से अनुराग, रितिका, सौरभ राणा व कक्षा 9 से संजना, अर्जुन सिंह पंवार, सौरभ कुमार व आरुषी का मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयन हुआ है। उत्तराखण्ड सरकार इनको छात्रवृत्ति प्रदान करेगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी,दी चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ीः जिला अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा पौड़ी अजब सिंह रावत के नेतृत्व में राजस्व प्रसाशन और खाद्य सुरक्षा प्रसाशन की संयुक्त टीम ने थलीसैण, सैंजी और चपलोडी में स्थित खाद्यान प्रतिष्ठानों, होटलों व दुकानों में छापेमारी की।

इस दौरान जिला अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा पौड़ी अजब सिंह रावत नें बताया कि उनकी टीम ने थलीसैंण में ढेड दर्जन खाद्यान्न प्रतिष्ठानों, सैंजी और चपलोडी में लगभग आधे दर्जन खाद्यान प्रतिष्ठानों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहां पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के सैंपल लिए साफ सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थलीसैण से विभिन्न खाद्यान प्रतिष्ठानों से लड्डू, सरसों का तेल, खुली मिर्च, रसगुल्ले व चीनी गट्टे के सैंपल लिए। कहा कि व्यापारी ऑनलाइन माध्यम से अपनी दुकानों के लिए लाइसेंस खाद्य सुरक्षा विभाग से बना सकते हैं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सीसीटीवी लगाने और एक्सपाइरी प्रोडक्ट न बेचने के निर्देश दिए। कहा कि जिन दुकानदारों में लाइसेंस नहीं हैं वे ऑनलाइन माध्यम से लाइसेंस बनवा लें। निरीक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल, प्रभारी तहसीलदार आनंद पाल आदि शामिल थे।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः** जनता इंटर कॉलेज ल्वाली में रविवार को वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूली छात्र–छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउनी, हिमाचली लोकगीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं।

नुक्कड़ नाटक में बच्चों ने नशे के दुष्प्रभाव, युवा पीढ़ी के नशे के लत की जद में आने की पीड़ा को उकेरते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। स्कूल परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि टच योर सोल संस्था की संस्थापक मधु चौधरी ने किया। कहा कि जीवन में आने वाली समस्याओं का आसान समाधान शिक्षा है। शिक्षित व्यक्ति हर मुश्किल में धैर्य के साथ पार पा लेता है। कहा यह दौर 21वीं सदी का है, लेकिन आज भी कुछ बच्चें शिक्षा से वंचित रह रहे हैं। कोई बच्च शिक्षा से वंचित ना रहे, इसके लिए सामूहिक प्रयास किए जाने होंगे। डीईओ माध्यमिक शिक्षा पौड़ी रणजीत सिंह नेगी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान देते हैं। उन्होंने बच्चों को लगन से पढ़ाई करने व खेलों में खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने को प्रोत्साहित किया। समारोह में मुख्यमंत्री उदीयमान छात्रवृत्ति जूनियर वर्ग में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 6 के छात्र मयंक कुमार, हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले शिवांश बड़थ्वाल और इंटर में प्रथम स्थान हासिल करने वाले पारस सजवाण सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न खेलों में राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले शिवांश बड़थ्वाल, साक्षी नेगी व किशन कपटियाल को पुरस्कार से नवाजा गया। छात्रों ने हे नंदा, हे गौरा, जरा मठु–मठु नाच दे, कैन लगाई बाडुली, जय हो कुमाऊं जय हो गढ़वाल सहित अन्य गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। प्रधानाचार्य नागेंद्र जुगराण ने बताया कि संस्था द्वारा बीते चार साल से समस्त छात्रों को स्कूल ड्रेस, जूते, मौजे, स्कूल बैग, ट्रैकशूट, टिफिन, पानी की बोतल, छात्राओं के लिए सेनेट्री नेपकिन अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। कहा विगत वर्ष विद्यालय में दो कक्षा कक्ष, एक बहुउद्देशीय हॉल, बालक–बालिका शौचालयों का भी निर्माण कराया है। इस मौके पीटीए अध्यक्ष सुबोध नैथानी, एसएमसी अध्यक्ष गजेंद्र रावत, पारुल अरोड़ा, अशोक चावला, पोमिला चावला, आर्किटेक्ट विनोद मडवाल, ग्राम प्रधान ल्वाली राम स्वरुप, तमलाग पूजा नैथानी, उज्याड़ी सुदर्शन नेगी, गगवाड़ा रविंद्र राणा आदि मौजूद रहे। संचालन शिवानी कोहली और नीलम वर्मा ने संचालन किया।

# शिविर में स्काउट गाइड के महत्व की दी जानकारी



कोटद्वार के रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकी नगर में आयोजित कैंप में स्काउट–गाइड को जानकारी देते प्रशिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में भारतीय स्काउट एवं गाइड की तृतीय सोपान जांच परीक्षा आयोजित की गई। शिविर में परीक्षार्थियों को स्काउट गाइड के महत्व के बारे में बताया गया। शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) रणजीत सिंह नेगी, खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित चंद व जिला संगठन आयुक्त रूप चंद्र लखेड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विकासखंड दुगड्डा, यमकेश्वर, द्वारीखाल, जहरीखाल, रिखणीखाल व पोखड़ा के 112 स्काउट व 88 गाइड ने प्रतिभाग किया। शिविर में स्काउट गाइड को गांठ बांधना, प्राथमिक चिकित्सा के साथ ही विभिन्न प्रकार के पुल व टेंट बनाने की विधाएं सिखाई गई। राजकीय इंटर कालेज कोटड़ीढांग के स्काउट व जीजीआईसी कोटद्वार की गाइड की ओर से बनाया गया मंकी, ट्रेसल पुल काफी दर्शनीय व सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने स्काउट गाइड को देश सेवा, स्वच्छा व शिक्षा पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर शांति रतूड़ी, शकुंतला बुड़ाकोटी, मीनाक्षी ध्यानी, प्रदीप नेगी, राकेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को मिल रहा पीएम आवास का लाभः सुनीता

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उत्तराखंड सरकार के ओर से रसोई घर में सामग्री क्रय करने के लिए छह–छह हजार के रुपये के चेक भेंट किए गए।

कहा केंद्र सरकार ने गरीबों को घर मुहैया करवा रही है। जबकि राज्य सरकार उन्हें बिजली, पानी की सुविधा देकर जरूरी सामग्री क्रय करने को धनराशि भी दे रही है। ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी ने वर्ष 2023–24 के 33 लाभार्थियों को छह–छह हजार रुपये के चेक भेंट किए। जबकि अन्य लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2023–24 में 94 गरीब परिवारों के घर बनाकर दिए हैं।

# रामलीला में सीता स्वयंवर का हुआ मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः** रामलीला के तीसरे दिन जगत जननी मां दुर्गा की स्तुति जय जय जय जय जग जननी से शुरू हुई। शनिवार की देर शाम को भाव नृत्य मे अदिति रावत, गुंजन नेगी, खुशी नेगी, कनिका गुसाईं, कशिश थपलियाल और खुशी सैलानी के बेहतरीन नृत्य अभिनय की दर्शकों द्वारा सराहना की गई। मुख्य अतिथि व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा, सचिव देवेंद्र रावत, कोषाध्यक्ष दिलवर भण्डारी और प्रतिष्ठित व्यापारी संजय वर्मा व अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्य अतिथि विनय शर्मा ने कहा कि पौड़ी की रामलीला को व्यापार सभा द्वारा हर संभव मदद की जाएगी और आर्थिक पक्ष को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। संजय वर्मा ने रामलीला के आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समिति का यह प्रयास सराहनीय है इसके आयोजन में वे अग्रणीय भूमिका निभाएंगे। जनक की भूमिका मे आशुतोष नैथानी और परशुराम के पात्र हिमांशु चौहान के सशक्त अभिनय ने मंचन को यादगार बना दिया। सीता की भूमिका में आयुषी नेगी, सखियों की भूमिका में कशिश, संध्या, दीपांशी, वैभवी चमोली, बंदीजन की भूमिका में पारस और नीरज नेगी ने योगदान दिया। राम की भूमिका में दीपक बिष्ट, लक्ष्मण राहुल नेगी टप्पू, सुनैना सोनम डोभाल, विश्वामित्र गोपाल नेगी रहे।

# बेस अस्पताल में डायलिसिस यूनिट नहीं हो पाई सुचारु

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय मेडिकल कालेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट अभी तक सुचारु नहीं हो पाई है। जांच में आरओ वाटर का सैंपल एक बार फिर फेल हो गया है। पानी में बैक्टीरिया ज्यादा होने के कारण कंपनी ने वाटर सैंपल को फेल कर दिया है। डायलिसिस यूनिट को सुचारु रूप से संचालित करने को लेकर दिल्ली से एक बार फिर इंजीनियरों की टीम पहुंच चुकी है। बीते 26 अगस्त से बेस चिकित्सालय श्रीनगर में डायलिसिस यूनिट ठप पड़ी हुई है। जिससे डायलिसिस करने पहुंच रहे मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बेस चिकित्सालय में प्रतिदिन दो शिफ्टों में डायलिसिस होता था और 20 से 25 मरीजों का हफ्ते में तीन बार डायलिसिस होता है। लेकिन आरओ के पानी में दिक्कत आने के चलते डायलिसिस यूनिट ठप हुई पड़ी है। इससे पहले भी दिल्ली से पहुंची इंजीनियरियों ने आरओ के लिए बिछी पाइप लाइनों को बदला गया था। जिसके बाद फिर पानी के सैंपल को दिल्ली टेस्टिंग के लिए भेजा गया था। लेकिन पानी का सैंपल एक बार फिर फेल हो गया, जिस कारण डायलिसिस यूनिट बीते एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी ठप पड़ी हुई है।

## इंटरलॉकिंग टाइल निर्माण कार्य का शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत मढ़ी चौरास में रविवार को देवप्रयाग विधायक ने विनोद कंडारी इंटरलॉकिंग टाइल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि 30 लाख 54 हजार रुपये के माध्यम से मढ़ी चौरास से रेनबो पब्लिक स्कूल तक इंटरलॉकिंग टाइल लगाई जायेगी। कहा कि लम्बे समय से मढ़ी चौरास क्षेत्र की जनता सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मढ़ी चौरास से रेनबो पब्लिक स्कूल तक इंटरलॉकिंग टाइल बिछाई जायेगी। जिससे लोगों को धूल से निजात मिलने के साथ ही आवागमन सुगम होगा।

# जीआईसी कोटद्वार के चार विद्यार्थियों का हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के चार छात्रों का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की है।

विद्यालय के प्रवक्ता डा. पद्मेश बुडाकोटी ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के कक्षा छह के छात्र सिद्धांत एवं स्पर्श व कक्षा नौ के छात्र सुमित और अरमान ने मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है और आने वाले समय में अन्य छात्र भी इससे प्रेरणा लेकर राज्य में सफलता का परचम फहराएंगे।


छात्रवृत्ति के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थी

# सीएम धामी ने किया विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर, सुमन नगर, धर्मपुर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा 2024 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में विद्या मंदिर के शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर, इण्टर कॉलेज सुमन नगर, धर्मपुर में भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों से परिचित कराने और भारतीय संस्कृति के अनुरूप उनको शिक्षित करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, विद्या मंदिर आज देश के कोने–कोने में हमारे देश के कर्णधारों को संस्कारवान बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। बच्चों को किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि योग्य नागरिक बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। विद्यार्थियों को देशभक्ति, स्वदेशी चिंतन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और समसामयिक महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विद्या भारती द्वारा 500 से भी अधिक विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं, जिनमें प्रदेश में 01 लाख से भी अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही विद्या भारती द्वारा आदिवासी बहुल क्षेत्रों और राज्य के सीमांत क्षेत्रों में भी सैकड़ों विद्यालय खोले गये हैं। भारत सरकार द्वारा विद्या भारती के सात स्कूलों को सैनिक स्कूल के रूप में स्थापित करने के लिए चयनित किये जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अनेक कार्य कर रही है। शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने त्वरित रूप से निर्णय लेते हुए देश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को प्रदेश में लागू किया है। प्रदेश की शिक्षा व्यववस्था को और अधिक आधुनिक, व्यावहारिक और सुदृढ़ बनाने के लिए नीतिगत निर्णय लिये गये हैं। राज्य के सरकारी स्कूलों में बड़ी संख्या में स्मार्ट क्लासों की स्थापना की जा रही है। कक्षा 01 से लेकर 12 तक विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और कक्षा 01 से 08 तक पाठ्य पुस्तकों के साथ ही बैग और जूते भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत हजारों मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिमाह छात्रवृत्ति देने का भी प्राविधान किया है। कक्षा 09 में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को साइकिल भी प्रदान की जा रही है। प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट के 05–05 टॉपर्स को भारत भ्रमण कराने का भी राज्य सरकार ने निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में भी राजकीय महाविद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

## एक नजर

### पार्किंग योजनाओं के लिए सप्ताह में होंगे टेंडर

देहरादून। शहर में पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने कवायद कर दी है। काबलू हाउस की जमीन पर 350 और नगर निगम में 500 वाहनों की ऑटोमेटेड पार्किंग का प्रस्ताव तैयार हो गया है। एक सप्ताह के भीतर पार्किंग के टेंडर करने की तैयारी है। डीएम सविन बसंल पार्किंग योजनाओं की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। इसके साथ ही जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्थाओं के सुधार करवाया जा रहा है। यहां ब्लड बैंक स्थापित करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। कार्यदायी संस्था नामित करने के बाद प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### शिविर में लोगों को मुफ्त चिकित्सीय परामर्श

देहरादून। मनवीर कौर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को सिटी हॉस्पिटल बल्लूपुर रोड पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मुफ्त चिकित्सीय परामर्श दिया। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा और आचार्य डॉ. सुशांत राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने आयोजकों की सराहना की। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों को सेहतमंद रहने के टिप्स दिए। इस दौरान रुमीत सिंह, संस्था की अध्यक्ष रमनप्रीत कौर, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजेश तिवारी, वीरेश कंसल, डॉ. दीपाली कंसल, डॉ. रश्मि कुलश्रेष्ठ, अरुण ठाकुर, विनोद रावत, बाबूराम शर्मा, आरती जयसवाल, सुमन सिंह, अक्षत बंसल, कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को सुरक्षित सैनिटरी पैड्स की जानकारी दी

देहरादून। सहस्त्रधारा रोड स्थित हिम ज्योति स्कूल में सौख्यम रीयूजेबल पैड्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सुरक्षित सैनिटरी पैड्स की जानकारी दी गई। कार्यशाला संचालन हिम वैली सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष अनीता नौटियाल ने किया। कार्यशाला में टिकाऊ मासिक धर्म स्वच्छता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कपास व केले के रेशों से बने पुनः उपयोगी पैड्स, सौख्यम रीयूजेबल सैनिटरी पैड्स के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। पारंपरिक सैनिटरी पैड्स के नकारात्मक प्रभावों पर भी चर्चा की गई। अनिता नौटियाल ने बताया कि सौख्यम माता अमृतानंदमयी मठ की एक पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को एक सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल उत्पाद प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि सौख्यम को नीति आयोग से मान्यता मिली है। मौके पर हिम ज्योति स्कूल की प्राचार्य रूमा मल्होत्रा, प्रियंका रंधावा आदि उपस्थित थे।

### पुल निर्माण को लेकर दो गांवों के लोग आमने–सामने आए

हरिद्वार। पतंजलि से सहदेवपुर जाने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाए जा रहे पुल को लेकर दो गांवों के ग्रामीण आमने–सामने आ गए हैं। पुल को लेकर ग्रामीण का अलग–अलग मांग पर अड़ गए हैं। ग्रामीणों में तनातनी की स्थित के चलते पुल का निर्माण कार्य लटकता नजर आ रहा है। सहदेवपुर रोड पर एक पब्लिक स्कूल के पास पुल का निर्माण होना था। जिसके लिए सरकार ने बजट पारित कर दिया है। लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण पुल निर्माण को लेकर आमने सामने आ गए हैं। कुछ ग्रामीण नदी का रुख मोड़कर सामने पुराने नाले में डलवाने की मांग कर रहे हैं, जबकि बोंगला गांव के किसान नदी के पुराने रुख पर चलने की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों की लड़ाई में पुल का काम अधर में लटक गया है। जिससे दर्जनों गांव को जोड़ने वाला पुल ग्रामीणों की हठधर्मिता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। पुल बनने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को लाभ मिलता, लेकिन एक गांव के ग्रामीणों के विरोध के चलते राहगीरों की ये समस्या खत्म होने के बजाय बढ़ती जा रही है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि जिला योजना और पीडब्ल्यूडी मिलकर जिलाधिकारी के आदेश पर पुल का निर्माण करा रहे थे, लेकिन विवाद होने के कारण निर्माण नहीं हो पा रहा है।

### युवती के हाथ से मोबाइल फोन झपटा

हरिद्वार। ज्वालापुर में सरेराह एक युवती से मोबाइल फोन झपट लिया गया। इसके बाद बाइक सवार दो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। घटना शनिवार की देर शाम की है। जब एक युवती ऊंचे पुल के पास फोन पर बात करते हुए जा रही थी। इसी बीच पीछे से बाइक पर आए दो नकाबपोश युवकों में से पीछे वाले ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। तब तक युवती ने शोर मचाते हुए उनके पीछे भागने का प्रयास किया वह तेज रफ्तार से बाइक लेकर फरार हो गए।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने लिया नव दुर्गा का आशीर्वाद

देहरादून। हिंदू धर्म के पवित्र शारदीय नवरात्रि पर्व इन दिनों चल रहे हैं। घर एवं मंदिरों में मां भगवती का पूजन चल रहा है, ऐसा ही कुछ नजारा रुद्रप्रयाग में आयोजित लखपति दीदी अभियान–शक्ति का सम्मान कार्यक्रम में देखने को मिला। यहां महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स में कन्याएं मां दुर्गा के रूप में थीं। स्टालों पर मुख्यमंत्री ने कन्याओं से आशीर्वाद लेकर उन्हें उपहार भेंट किए।



लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने लखपति दीदी अभियान– शक्ति को सम्मान कार्यक्रम स्थल पर लगे विभागीय स्टॉल्स का अवलोकन किया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स में मां भगवती के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री धारण किए कन्याओं को देख मुख्यमंत्री प्रफुल्लित हो गए वहीं मुख्यमंत्री धामी को अपने बीच पाकर कन्याएं बेहद खुश नजर आई। मुख्यमंत्री ने झुककर उनसे आशीर्वाद लिया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों के साथ बैठकर गोबर के दिए भी बनाए। इससे पहले उन्होंने अगस्त्यमुनि मैदान के सामने स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य एवं विश्व के कल्याण की कामना की। वहीं नगर पंचायत अगस्त्यमुनि के पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया।

### धामी सरकार में साइबर ही नहीं, सारे सिस्टम फेलः करन माहरा

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने साइबर सिस्टम फेल होने पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश का साइबर सिस्टम ही नहीं धामी सरकार में सारे सिस्टम फेल साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार दिन बीत जाने के बाद भी राज्य में ऑनलाइन सेवाएं बाधित हैं, सरकार अभी तक खामी का पता ही नहीं लगा पाई है। रविवार को मीडिया को जारी बयान में माहरा ने कहा कि एक तरफ भाजपा की केंद्र की सरकार पूरे विश्व मे अपनी सरकार का डंका बजने की बात करती है, वहीं आज चार दिन बीत जाने के बाद भी प्रदेश के साइबर सिस्टम को दुरूस्त नहीं करा पाई है। यह भी पता नहीं लगा पाई है कि आखिर किसकी खामियों के चलते प्रदेश का साइबर सिस्टम फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि आज थाने में एफआइआर लिखने से लेकर राशन बांटने तक और सरकारी अस्पताल में पर्ची काटने से लेकर स्कूल की फीस जमा करने तक का कार्य ऑनलाइन हो रहा है।

## मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के नए भवन का हुआ लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत ने मुख्यचिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नए भवन का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश को हरिद्वार में सातवां मेडिकल कॉलेज मिल गया है। इस साल से यहां पर एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सीएमओ कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। जिला योजना से 4.40 करोड़ से अधिक लागत में भवन का निर्माण कार्य हुआ है। इस भवन में मुख्य चिकित्साधिकारी व निदेशक गढ़वाल मंडल कार्यालय शिफ्ट होंगे। चिकित्सा परिसर पौड़ी में विभाग का कार्यालय भवन जीर्णक्षीर्ण होने पर नए कार्यालय भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरु हुई थी।

वर्ष 2015–16 में पुराने कार्यालय भवन के ध्वस्तीकरण के बाद नए कार्यालय भवन के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी पेयजल निर्माण इकाई श्रीनगर को सौंपी गई थी। जिला योजना से भवन के निर्माण को बजट मिला। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी डा. प्रवीण कुमार, एसीएमओ डा.पारुल गोयल, डा.रमेश कुंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, राजेंद्र प्रसाद टम्टा, संपंत रावत, शशि रतूड़ी, क्रांति किशोर नेगी आदि शामिल रहे।

## भारत– कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास में हथियार प्रदर्शनी और फायरिंग का आयोजन

चमोली। भारत–कजाकिस्तान संयुक्त अभ्यास काज़िंद का 08वां संस्करण 30 सितंबर 2024 से सूर्या फॉरेन ट्रेनिंग नोड औली, उत्तराखंड में चल रहा है। जिसमें 120 जवानों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व कुमाऊं रेजिमेंट द्वारा किया जा रहा है। भारतीय वायु सेना के साथ–साथ सहायक शस्त्र और सेवाओं के जवान भी इसमें भाग ले रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय 8 के तहत संयुक्त उप पारंपरिक संचालन आयोजित करने के दौरान हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन, हथियारों का संचालन और उसके बाद सैनिकों के लिए फायरिंग का आयोजन किया गया। भारतीय दल के सैनिकों ने हथियार और उपकरण प्रदर्शन के दौरान कजाकिस्तान दल के सैनिकों के साथ अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किया। अभ्यास के दौरान परिचालन कार्य के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता



प्रदर्शित की गई। जिसमें हथियारों के गहन प्रशिक्षण सत्र और विभिन्न प्रकार की सामरिक फायरिंग का अभ्यास शामिल रहा। अभ्यास काज़िंद–2024 का केडिया उद्देश्य तालमेल और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाने और क्लोज क्वार्टर बैटल में सामरिक सुस्पष्टता सुनिश्चित करना है।

### मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा को ब्रांड आइकॉन अवॉर्ड

देहरादून। दून के मनोवैज्ञानिक एवं समाजसेवी डॉ. पवन शर्मा (द साइकेडेलिक) को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर उन्हें दिल्ली में ब्रांड आइकॉन अवार्ड से नवाजा गया। सामाजिक संस्था फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसाइटी के तहत लोगों को मानसिक बीमारियों से जागरूकता की मुफ्त सेवाएं देने पर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। रविवार को दिल्ली के एक होटल में अभिनेता राकेश बेदी ने प्रदान किया।

**सवीदई शशि प्रभा रावत को दी श्रद्धांजलि**

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शशि प्रभा रावत का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को 90 वर्ष की आयु में कद्दूखाल मे निधन हो गया। वह अपने पति जमना लाल बजाज पुरुस्कार से सम्मानित सवीदई मानसिंह रावत के साथ मिलकर जीवन भर महिलाओं और बच्चों के लिए कोटद्वार में बोकसा लोगों के बीच उत्कृष्ट कार्य करती रही।

## लव जिहाद से दूर रहो नहीं तो दुकाने जला देंगे

### – भाजपा नेता के विवादित बयान का वीडियो वायरल, पुलिस का एक्शन

देहरादून। उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेता लखपत सिंह भंडारी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने ऐक्शन लिया है। उनके कथित आपत्तिजनक बयान को लेकर सामाजिक सौहार्द को खतरे में डालने का मामला दर्ज किया गया है। भाजपा की पौड़ी गढ़वाल इकाई के उपाध्यक्ष भंडारी ने दो अक्टूबर को श्रीनगर में आयोजित 'चेतना और चेतावनी रैली' एक समुदाय के लोगों को कथित रूप से 'लव जिहाद' से दूर रहने की चेतावनी दी थी और ऐसा नहीं करने पर उनकी दुकानों को जला देने की धमकी दी थी। भाजपा नेता का धमकी वाले भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बहरहाल, इस वीडियो को अब हटा दिया गया है। पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए समाज में सौहार्द और देश की एकता को खतरे में डालने के आरोप में भंडारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।

श्रीनगर पुलिस थाना निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि भंडारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि उनकी पार्टी इस प्रकार के बयानों का समर्थन नहीं करती लेकिन राज्य में ह्यलव जिहादह्न और ह्यलैंड जिहादह्न के नाम पर माहौल को बिगाड़ने की कोशिशों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। इससे पहले उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद की डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के बयान को लेकर भी बवाल हो चुका है। बीते दिनों पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद यति को काफी विरोध का सामना करना पड़ा था। लोगों ने डासना देवी मंदिर के आसपास इकट्ठा होकर इस बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया। यति के बयान से इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। हालांकि, प्रशासन की सक्रियता की वजह से किसी तरह की अशांति जैसी घटना नहीं हुई। अभी इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### गड्ढों एवं कूड़े के ढेरों से जनता परेशान

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व पूर्व राज्यमंत्री नवीन जोशी की ओर से चलाए जा रहे जन संवाद कार्यक्रम के तहत रविवार को कैंट विधानसभा के साईलोक फेस टू में क्षेत्र के लोगों ने शिरकत की। लोगों ने स्मार्ट सिटी के नाम पर खोदी गई सड़कों के गड्ढों एवं कूड़े की समस्या प्रमुखता से उठाई। बताया गया कि यहां की सड़क टूटी हुई है जो गंदा नाला यहां पर है उसके पुस्ते टूट चुके हैं। स्ट्रीट लाइट का अभाव है, बार–बार नगर निगम को बताने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता।

## चमोली के लिखाड़ियों ने लहराया बागेश्वर में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल ताइक्वांडों प्रतियोगिता में परचम

चमोली। बागेश्वर में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल ताइक्वांडों प्रतियोगिता में चमोली जिले के लिखाड़ियों ने लहराया परचम। एक गोल्ड, एक सिल्वर और छः ब्रॉन्ज मेडल जीते।

जनपद बागेश्वर में 03 से 05 अक्टूबर तक विभिन्न आयु वर्ग में राज्य स्तरीय स्कूल ताइक्वांडो चौंपियनशिप का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जनपद चमोली के आठ ताइक्वांडो खिलाडियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सात खिलाड़ियों ने मेडल हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। जिले के




खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर और 06 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में सुबोध प्रेम विद्या मंदिर के 14 वर्ष के ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग फरस्वाण ने गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी हासिल की। जबकि इसी स्कूल के ताइक्वाड़ो खिलाडी मौ0 हुमाम ने अंडर–19 वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल किया। सुबोध प्रेम विद्या मंदिर के ताइक्वांडो खिलाडी आर्यन मेवाल और दिशांत ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। जीआईसी गोपेश्वर के ताइक्वांडो खिलाड़ी दीपक सिंह और रिषभ बिष्ट ने अंडर–17 प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। आदर्श विद्या मंदिर गोपेश्वर के ताइक्वांडो खिलाड़ी अभय ने अंडर–19 प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### बैंगन गैग के लीडर समेत दो दबोचे

हरिद्वार। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि 27 सितंबर को रामलीला मैदान भीमगोडा में बैंगन गैग ने रामलीला देख रहे दूसरे युवा गुट पर हमला बोल दिया था। लाठी डंडों से लैस बैंगन गैंग ने आम दर्शकों को भी नहीं बख्शा था। उस दौरान भीड़ ने एकत्र होकर बैंगन गैंग को दौड़ा लिया था, जिसके बाद दो सदस्य गंगा में कूद गए थे। एक सदस्य को स्थानीय युवक ने निकालकर पुलिस को सौंप दिया था। शहर कोतवाली पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज करते हुए बैंगन गैग से जुड़े 11 लोगों को पकड़ा था, जिनमें सात नाबालिग शामिल थे।

## साधना से कमंडल रूपी शरीर को धोना चाहिएः डॉ.पण्ड्या

हरिद्वार। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि साधना से कमंडल रूपी शरीर को धोना चाहिए। जब तक मन में मैल रहेगा, तब तक साधना सफल नहीं होगी। गहन तपश्चर्या से ही साधक को शक्ति प्राप्ति होती है। साधक की साधना जैसी होगी, सद्गुरु उसी अनुरूप शक्ति प्रदान करता है। स्वामी विवेकानंद, अर्जुन, मीरा, भक्त प्रह्लाद आदि ने अपनी साधना से भगवान, सद्गुरु से बहुत कुछ पाया है। यह बातें साधना के दौरान कही। देवसंस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. पण्ड्या शांतिकुंज में गीता का उपदेश–सार और गीता की महिमा विषय पर स्वाध्याय शृंखला के अंतर्गत गायत्री साधकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि अहंकार का उच्छेदन साधना से ही संभव है। अहंकारी व्यक्ति का अंत काफी कष्टकारी होता है। रावण, मेघनाथ आदि इसके उदाहरण हैं। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि आपकी और हमारी जो वार्तालाप होती है, यह बहुत ही गहरी है। इसे अंतः करण में धारण करो और तद्नुरूप आचरण करो, साधना करो।

## कबड्डी का बालक वर्ग प्रतापनगर व बालिका वर्ग भिलंगना के नाम

नई टिहरी। प्रारंभिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता और शैक्षिक समारोह का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। आखिरी दिन एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। मुख्य अतिथि प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रविवार को बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन जूनियर वर्ग के चक्काफेंक बालक में जाखणीधार के राघव विजेता और प्रतापनगर के ऋषभ उपविजेता बने। प्रारंभिक वर्ग की कबड्डी बालक में प्रतापनगर विजेता और जौनपुर उपविजेता बना। वहीं बालिका वर्ग में भिलंगना पहले और नरेंद्रनगर दूसरे स्थान पर रहा। गोला फेंक जूनियर वर्ग बालक में चंबा के आयुष कुमार पहले और थौलधार के प्रांजल दूसरे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग के बैडमिंटन बालक एकल में चंबा के अखिलेश भट्ट विजेता और भिलंगना के अंकुश डबोला उपविजेता बने। मुख्य अतिथि प्रतापनगर विधायक नेगी ने कहा कि खेल में भी युवा बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इसके लिए प्रैक्टिस, अनुशासन और लग्न के साथ प्रतियोगिताओं में शिरकत करनी जरूरी है। कहा कि उन्होंने भी सरकारी विद्यालय में ही पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर जिला शिक्षाधिकारी बेसिक वीके ढौंडियाल ने आयोजक मंडल को बधाई दी है। इस मौके पर जिला खेल समन्वयक प्रमोद सेमवाल, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, मान सिंह रौतेला, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, टीएचडीसी के एजीएम रविंद्र सिंह राणा, रामानुज बहुगुणा, आनंद मणी पैन्यूली, अजयवीर रमोला, संगीता चमोली, उम्मेद नेगी और चंद्रवीर नेगी मौजूद रहे।

### रानीपुर विधानसभा के लिए 68 हजार का लक्ष्य

हरिद्वार। रानीपुर विधानसभा में पार्टी को सदस्यता अभियान के तहत 68 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। अभियान के पहले चरण में तीनों मंडल ने लगभग चालीस हजार सदस्य बनाए हैं। दूसरे चरण का अभियान समाप्त होते ही पार्टी सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चलाएगी। समीक्षा बैठक में बहादराबाद मंडल के उन सभी बूथ अध्यक्षों,पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने तय समय में संगठन की ओर से दिया अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है।

### सुगम दुर्गम निर्धारण को पुनः कोटिकरण किया जाए

हरिद्वार। मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार के सभागार में रविवार को एजुकेशन मिनिस्ट्रियल आफिसर्स एसोसिएशन की हरिद्वार जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों द्वारा जिले के कार्यालयों के सुगम–दुर्गम निर्धारण के पुनः कोटिकरण कराए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों की गोपनीय आख्या में आ रही दिक्कतों, एकल अभिभावकों को पदोन्नति का लाभ देने के साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष विपिन कुमार, जिला सचिव संदीप शर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तुषार चंदेल, जिला उपाध्यक्ष दीपक त्यागी, फेडरेशन के जिला महामंत्री रोहित शर्मा, रीना सैनी, बिजेंद्र सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजीव शर्मा, जसप्रीत, दर्शन रावत, प्रवीण कुमार, मनोज चौहान, कामेश्वर उनियाल, फलक, मेहुल, प्रियांशु, उमेश आदि उपस्थित रहे।

## पथरी में हाथियों ने धान और गन्ने की फसलें रौंदी

हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के गांव पंजनहेडी, किशनपुर, बहादुरपुर जट आदि में हाथियों ने किसानों की गन्ने और धान की फसलों को तहस–नहस कर दिया है। गंगा पार के जंगलों से हाथियों का झुंड खेतों में आकर गन्ने की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। किसानों ने वनप्रभाग से हाथियों को रोकने के ठोस उपाय करने की गुहार लगाई है। पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड जंगलों से गंगा पार कर मिस्सरपुर, किशनपुर, पंजनहेड़ी, ज्यापोत, अजीतपुर, बिशनपुर, कुंडी, रानीमाजरा, चांदपुर, कटारपुर, फेरुपुर, शाहपुर स्थित खेतों का रुख कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। किसान वनप्रभाग से क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने की मांग भी कर चुके है, ताकि ग्रामीणों की गन्ने और धान की फसलों का बचाया जा सके। किसान राजकुमार, दीपक, सुनील, बबलू, प्रेमचंद, सुशील, रामकुमार, कुलदीप, रविन्द्र, सोनू, रमेश, मुनेश, कपिल, राजू आदि ने बताया कि धान की फसल बड़ी हो गई है जिसे खाने के लिए हाथी रोजाना आ रहे है। कहा कि हाथियों द्वारा बर्बाद फसल का वनप्रभाग उचित मुआवजा भी नहीं देता है। उन्होंने हाथियों द्वारा बर्बाद की फसलों का उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसान मास्टर दिनेश चौहान, प्रवेज, चौधरी महक सिंह, मास्टर आलम सिंह, अजीत चौहान, राजपाल, सतबीर, रवि, दीपू, नवीन चौहान बारिक, गौतम, अनिल चौहान, प्रमोद कुमार आदि के खेतों में हाथी ने नुकसान पहुंचा है। उपवन क्षेत्राधिकारी पथरी अरविंद सैनी ने बताया फसलों का निरीक्षण कर उचित मुआवजा दिया जाएगा और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338